निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION वार्षिक रिपोर्ट ANNUAL REPORT 2013-14



निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION

वा र्षि क रि पो र्ट

DICGC

ANNUAL REPORT

2013-14

शुभेच्छा

With Best Compliments from

जसबीर सिंह

कार्यपालक निदेशक

Jasbir Singh

Executive Director

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

मुंबई

Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation

Mumbai

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी)

निदेशक बोर्ड की 52वीं वार्षिक रिपोर्ट
31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए
तुलन पत्र और लेखे

मिशन

लघु जमाकर्ताओं का विशेष रूप से
ध्यान रखते हुए निक्षेप बीमा के माध्यम से
बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास अर्जित करके
वित्तीय स्थिरता में सहयोग देना।

विज़न

एक सक्षम और प्रभावी निक्षेप बीमा प्रदाता के
रूप में पहचान बनाना जो पणधारकों की
आवश्यकताओं के प्रति
संवेदनशील हो।

विषय सूची

पृष्ठ संख्या

1.	प्रेषण पत्र	iv-v
2.	निदेशक बोर्ड	vi
3.	संगठन तालिका	vii
4.	निगम में संपर्क सूत्र	viii
5.	निगम के प्रमुख अधिकारी	ix
6.	संक्षेपाक्षर	x-xi
7.	विशेषताएं	xii-xiv
8.	निबीप्रगानि का विहंगावलोकन	1-5
9.	प्रबंध चर्चा और विश्लेषण	6-12
10.	निदेशकों की रिपोर्ट	13-23
11.	निदेशकों की रिपोर्ट के संबंध में संलग्नक	24-51
12.	लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	53
13.	तुलन-पत्र और लेखे	54-67

निदेशक
Director

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्ववाली सहयोगी)
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
(Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)

निबीप्रगानि/सवि/ 1526 /01.01.016/2014-15 26 जून, 2014

प्रेषण पत्र
(भारतीय रिज़र्व बैंक को)

मुख्य महाप्रबंधक एवं सचिव
सचिव विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक
केंद्रीय कार्यालय
केंद्रीय कार्यालय भवन
शहीद भगत सिंह मार्ग
मुंबई - 400 001

महोदय,

31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में निदेशक बोर्ड ने मुझे इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

(ii) 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

2. निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियाँ आपको शीघ्र प्रेषित की जाएंगी।

भवदीया,

कुमुदिनी हाजरा
(कुमुदिनी हाजरा)
सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

निदेशक
Director

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्ववाली सहयोगी)
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
(Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)

निबीप्रगानि/सवि/ 1525 /01.01.016/2014-15 26 जून, 2014

प्रेषण पत्र
(भारत सरकार को)

सचिव,
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
(बैंकिंग प्रभाग)
जीवन दीप भवन
संसद मार्ग
नई दिल्ली - 110 001

महोदय,

31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में निदेशक बोर्ड ने मुझे इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और
(ii) 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

2. उल्लिखित सामग्री (अर्थात् तुलन-पत्र, लेखे और निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट) की प्रतियाँ भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की गई हैं। उनकी तीन अतिरिक्त प्रतियाँ भी इस पत्र के साथ भेजी जा रही हैं।
3. कृपया उक्त अधिनियम की धारा 32(2) के अंतर्गत संसद के प्रत्येक सदन (अर्थात् लोकसभा और राज्यसभा) में दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने की तारीख / तारीखें सूचित करें। निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियाँ आपको यथा शीघ्र प्रेषित की जाएंगी।

भवदीया,
कुमुदिनी हाजरा
(कुमुदिनी हाजरा)
सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

निदेशक मंडल

अध्यक्ष

डॉ. ऊर्जित आर. पटेल उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ए) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (18.01.2013 से)

निदेशक

श्री जसबीर सिंह कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (21.09.2012 से)
डॉ. शशांक सक्सेना निदेशक, वित्त मंत्रालय वित्तीय सेवाएं विभाग भारत सरकार	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (सी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (12.06.2008 से)
श्री बी.एल.पटवर्धन परामर्शदाता, सारस्वत को-आपरेटिव बैंक लि.	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (12.10.2011 से)
श्री हर्ष कुमार भानवाला अध्यक्ष, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (12.06.2014 से)
श्री कमलेश विकमसे सनदी लेखाकार	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ई) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (05.09.2011 से)
श्री जी.शिवकुमार प्रोफेसर, आईआईटी, बंबई	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ई) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (20.09.2011 से)

संगठन तालिका



* 30 मई 2014 से

निगम में संपर्क सूत्र

फैक्स सं. **022 - 2301 5662**
022 - 2301 8165

टेलीफोन संख्या

022-2308 4121	सामान्य
022-2306 2161	प्रीमियम
022-2306 2162	दावे
022-2301 9792	आरटीआई
022-2301 9570	ग्राहक सेवा कक्ष

प्रधान कार्यालय

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

भारतीय रिज़र्व बैंक,
दूसरी मंज़िल, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने,
भायखला, मुंबई - 400 008.
भारत

(i)	कार्यपालक निदेशक	022-2301 9460
(ii)	परामर्शदाता	022-2302 1624
(iii)	मुख्य वित्तीय अधिकारी	022-2301 9603
(iv)	महाप्रबंधक	022-2301 9645
(v)	निदेशक	022-2301 9792
(vi)	महाप्रबंधक	022-2301 9570
(vii)	महाप्रबंधक	022-2302 1150
(viii)	उप महाप्रबंधक	022-2302 1149
(ix)	उप महाप्रबंधक	022-2302 1146
(x)	उप महाप्रबंधक	022-2301 8840

ईमेल : dicgc@rbi.org.in
वेबसाईट : www.dicgc.org.in

निगम के प्रमुख अधिकारी

कार्यपालक निदेशक
श्री जसबीर सिंह

परामर्शदाता
श्रीमती जया मोहंती

मुख्य वित्तीय अधिकारी
श्री संजोय सेठी*

महाप्रबंधक
श्री एम.के. सामंतरे
श्रीमती मोलिना चौधरी
श्री द्विजराज सेठी

सचिव और निदेशक
श्रीमती कुमुदिनी हाजरा (30 जून 2014 तक)
श्री एम. रामय्या (1 जुलाई 2014 से)

उप महाप्रबंधक
श्री एम. कृपानन्दम
श्री वी.के. मौर्य
श्री डी. पानमेई

मुख्य जन सूचना अधिकारी
श्रीमती कुमुदिनी हाजरा (30 जून 2014 तक)
श्री एम. रामय्या (1 जुलाई 2014 से)

बैंकर
भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई

कर परामर्शदाता
मेसर्स सारडा एंड पारीक$
सनदी लेखाकार
महावीर अपार्टमेंट, तीसरी मंजिल,
598, एम.जी.रोड, सनसिटी सिनेमा के पास,
विले पार्ले (पूर्व)
मुंबई - 400 057

लेखा परीक्षक
मेसर्स सारडा एंड पारीक
सनदी लेखाकार
महावीर अपार्टमेंट, तीसरी मंजिल,
598, एम.जी.रोड, सनसिटी सिनेमा के पास,
विले पार्ले (पूर्व)
मुंबई - 400 057

बीमांकक
मेसर्स के.ए. पंडित
परामर्शदाता और बीमांकक
दूसरी मंज़िल, चर्चगेट हाउस,
वीर नरीमन रोड, फोर्ट,
मुंबई - 400 001

* 30 मई, 2014 से
$ 1 अप्रैल, 2014 से

संक्षेपाक्षर

एपीआरसी	:	एशिया पैसिफिक रीजनल कमेटी
एएस	:	लेखांकन मानक
बीसीबीएस	:	बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासेल समिति
बीओई	:	बैंक ऑफ इंग्लैंड
बीआईपी	:	बैंक दिवाला पद्धति
बी.आर.एक्ट	:	बैंककारी विनियमन अधिनियम
बीआरडीडी	:	बैंक सुधार और समाधान निर्देश
सीए	:	सनदी लेखाकर
सीएमजी	:	संकट प्रबंधन दल
सीईएसटीएटी	:	सीमाशुल्क उत्पाद और सेवाकर अपीलीय न्यायाधिकरण
सीजीसीआई	:	क्रेडिट गारंटी कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि.
सीजीएफ	:	ऋण गारंटी निधि
सीजीओ	:	ऋण गारंटी संगठन
सीएसएए	:	नियंत्रण स्वमूल्यांकन लेखापरीक्षा
डीसीसीबी	:	जिला केंद्रीय सहकारी बैंक
डीईएएफ	:	जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि
डीआईसी	:	निक्षेप बीमा निगम
डीआईसीजीसी	:	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
डीआईएफ	:	निक्षेप बीमा निधि
डी-एसआईबी	:	घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंक
ईएफडीआई	:	जमा बीमाकर्ताओं का यूरोपीय मंच
ईओआई	:	अभिरूचि की अभिव्यक्ति
ईयू	:	यूरोपीय संघ
एफडीआईसी	:	फेडरल निक्षेप बीमा निगम
एफआईएमएमडीए	:	भारतीय निर्धारित आय मुद्रा बाजार तथा व्युत्पन्न (डेरीवेटिव्स) संघ
एफएमआई	:	वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढ़ाँचा
एफआरए	:	वित्तीय समाधान प्राधिकरण
एफएसबी	:	वित्तीय स्थिरता बोर्ड
एफएसडीसी	:	वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद
एफएसएलआरसी	:	वित्तीय क्षेत्र विधैयी सुधार आयोग
जीएएपी	:	सामान्य तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत
जीएफ	:	सामान्य निधि
जीएलएसी	:	विफल संस्था की हानि अवशोषक क्षमता
जीओआई	:	भारत सरकार
जी - एसआईबीएस	:	वैश्विक - प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंक

जी-एसआईआई	:	वैश्विक - प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बीमाकर्ता
आईएडीआई	:	जमा बीमाकर्ताओं का अंतरराष्ट्रीय संघ
आईसीएआई	:	भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान
आईडीएल	:	आंतर-दिवसीय चलनिधि
आईएफआर	:	निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधि
आईआर	:	निवेश आरक्षित निधि
आईटी	:	सूचना प्रौद्योगिकी
एलएबी	:	स्थानीय क्षेत्र बैंक
एलटीयू	:	बड़े आयकरदाता इकाई
एनईएफटी	:	राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक निधि अंतरण
पीसीए	:	त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई
आरबीआई	:	भारतीय रिज़र्व बैंक
आरबीआईए	:	जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा
आरसीएस	:	सहकारी समितियों के पंजीयक
आरएफपी	:	प्रस्ताव का अनुरोध
आरआर	:	आरक्षित अनुपात
आरआरबी	:	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
आरआरपी	:	वसूली और समाधान योजना
आरटीजीएस	:	तत्काल सकल निपटान
एससी	:	अनुसूचित जाति
एसआईएफआई	:	प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाएं
एसएलजीएस	:	लघु ऋण गारंटी योजना
एसएल (एसएसआई) जीएस	:	लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना
एसपीओई	:	एकल प्रवेश मार्ग
एसआरएम	:	एकल समाधान व्यवस्था
एसआरआर	:	विशेष समाधान व्यवस्था
एसटी	:	अनुसूचित जनजाति
एसटीसीबी	:	राज्य सहकारी बैंक
टीएएफसीयूबी	:	शहरी सहकारी बैंकों के लिए कार्यबल
टीबीटीएफ	:	इतनी बड़ी की विफल नहीं हो सकती
यूसीबी	:	शहरी सहकारी बैंक
यूके	:	यूनाइटेड किंगडम
यूएसए	:	संयुक्त राज्य अमेरिका
यूटी	:	केंद्रशासित प्रदेश

विशेषताएं - I : निक्षेप बीमा एक नज़र में

(₹ बिलियन में)

वर्ष के अंत में$	1962	1972	1982	1992-93	1996-97	1997-98	1998-99	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
1 पूँजी*	0.01	0.02	0.15	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50
2 निक्षेप बीमा																						
(i) निक्षेप बीमा निधि**	0.01	0.25	1.54	3.12	2.99	20.22	31.07	33.10	37.06	42.50	55.14	59.08	78.18	91.03	109.79	133.62	161.55	201.52	247.04	300.93	361.20	406.18
(ii) बीमाकृत बैंक (संख्या में)	276	476	1683	1931	2296	2438	2583	2676	2728	2715	2629	2595	2547	2531	2392	2356	2307	2249	2217	2199	2167	2145
(iii) निर्धारणीय जमाराशियाँ @	18.95	74.58	423.60	2443.75	4506.74	4923.80	6099.62	7040.68	8062.60	9687.52	12131.63	13182.68	16198.15	17909.19	23443.51	29847.99	33985.65	45879.67	49524.27	57674.00	66210.60	76166.40
(iv) बीमाकृत जमाराशियाँ @	4.48	46.56	317.74	1645.27	3376.71	3705.31	4396.09	4985.58	5724.34	6740.51	8288.85	8709.40	9913.65	10529.88	13725.97	18050.81	19089.51	16823.97	17358.00	19043.00	21583.65	23791.52
(v) कुल खातों की संख्या (मिलियन में)	7.7	34.1	159.8	354.3	435.1	410.9	464.2	441.7	446.2	481.7	600.2	544.0	649.5	537.3	716.9	1038.9	1348.9	1423.9	1051.6	1073.0	1481.75	1370.13
(vi) पूर्णत: संरक्षित खाते (मिलियन में)	6.0	32.8	158.1	339.5	427.3	371.3	454.4	430.2	432.5	464.5	578.2	518.9	619.5	505.5	682.9	961.7	1204.0	1266.9	976.9	996.0	1393.08	1267.17
(vii) योजना के प्रारंभ से प्रदत्त दावे	–	0.01	0.03	1.78	1.94	1.96	2.09	2.25	2.62	6.77	8.63	10.44	14.85	20.50	25.94	27.55	29.84	36.38	40.17	43.05	45.05	46.08

* निगम की सामान्य निधि के तहत है।

** बीमांकिक और अधिशेष दोनों राशियाँ शामिल हैं।

@ 2009-10 से नए रिपोर्टिंग फार्मेट के अनुसार आँकड़े दिए गए हैं।

$ 1992-93 से मार्च अंत तक

विशेषताएं - II : ऋण गारंटी एक नजर में

(₹ बिलियन में)

वर्ष के अंत में$	1962	1972	1982	1992-93	1995-96	1996-97	1997-98	1998-99	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
ऋण गारंटी																							
(i) ऋण गारंटी निधि*	–	–	0.89	9.07	17.75	29.26	6.79	7.58	11.88	11.33	12.62	13.93	15.11	2.50	3.45	3.49	3.67	3.85	2.98	3.10	3.00	3.25	3.53
(ii) गारंटीकृत अग्रिम																							
क) छोटे उधारकर्ता	–	2.08	48.40	263.48	172.61	39.39	32.41	2.78	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.
ख) लघु उद्योग	–	–	38.22	155.03	112.71	33.76	28.13	0.39	0.05	0.01	0.01	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.
(iii) प्राप्त दावे (वर्ष के लिए)																							
क) छोटे उधारकर्ता	–	–	0.25	8.83	18.41	18.42	1.84	2.18	2.19	0.22	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ख) लघु उद्योग	–	–	0.30	2.60	5.24	2.70	1.20	0.34	0.26	0.14	0.01	0.00	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(iv) निपटाए गए दावे (वर्ष के दौरान)																							
क) छोटे उधारकर्ता	–	–	0.15	5.66	10.31	4.03	4.01	11.88	11.95	1.71	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ख) लघु उद्योग	–	–	0.27	2.43	3.08	2.91	2.21	2.25	1.39	0.54	0.05	0.01	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–

* बीमांकिक और अधिशेष दोनों शामिल हैं।

$ 1992-93 से मार्च अंत तक

ला.न. : योजनाओं के अंतर्गत एक भी ऋण संस्था सहभागी न होने के कारण लागू नहीं।

परिचालनगत विशेषताएं - III : निक्षेप बीमा

(₹ बिलियन में)

विवरण		2013-14	2012-13	2011-12	2010-11	2009-10	2008-09
राजस्व विवरण							
प्रीमियम आय		73.12	57.18	56.40	48.44	41.55	34.53
निवेश आय		33.90	27.68	23.53	18.01	15.13	12.89
निवल दावे		(0.93)	4.20	3.57	1.71	4.07	9.09
कर पूर्व राजस्व अधिशेष		91.52	86.27	60.01	61.45	37.53	39.73
करोत्तर राजस्व अधिशेष		60.72	58.27	40.54	41.32	28.93	26.89
तुलन पत्र							
निधि शेष (बीमांकिक)		50.68	52.65	47.68	37.74	32.75	18.17
निधि अधिशेष		355.49	308.55	253.25	209.30	168.77	143.39
दावे संबंधी बकाया देयताएं		3.92	9.05	6.89	6.03	7.64	10.75
निष्पादन मैट्रिक्स							
1.	दावों की प्राप्ति और दावों के निपटान के बीच औसत दिन @	15	27	52	49	54	43
2.	बैंक का पंजीकरण रद्द करने और दावों (प्रथम दावा) के निपटान के बीच औसत दिनों की संख्या @	678	410	533	388	361	825
3.	कुल कारोबार (प्रीमियम आय) के प्रतिशत के रूप में परिचालनगत लागत	0.22	0.25	0.27	0.35	0.26	0.30
	(इसमें से: कुल प्रीमियम आय की तुलना में कर्मचारी लागत का प्रतिशत)	(0.12)	(0.13)	(0.14)	(0.15)	(0.14)	(0.16)

@ मामले से संबंधित राशि की स्वीकृति की तुलना में दिनों की संख्या के आधार पर औसत दिनों की वास्तविक संख्या निकाली गई है।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम का विहंगावलोकन

(1) परिचय

निबीप्रगानि के कार्य 'निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961' (निबीप्रगानि अधिनियम) और उक्त अधिनियम की धारा 50 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए रिज़र्व बैंक द्वारा तैयार किए गए 'निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली, 1961' के प्रावधानों के जरिए नियंत्रित है। चूँकि कोई भी ऋण संस्था निगम द्वारा संचालित किसी भी ऋण गारंटी योजना में भाग नहीं ले रही है, अत: निगम ऐसी किसी योजना का संचालन नहीं कर रहा है और निक्षेप बीमा ही इसका प्रधान कार्य है।

(2) इतिहास

बंगाल में बैंकिंग संकट उत्पन्न होने के उपरांत वर्ष 1948 में पहली बार जमा राशियों का बीमा करने का विचार बैंक के सामने आया। इसके एक वर्ष बाद 1949 में यह मामला पुन: विचार हेतु प्रस्तुत हुआ। परंतु रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों के निरीक्षण की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने तक इस मामले को रोके रखा गया। तदुपरांत वर्ष 1950 में ग्रामीण बैंकिंग जाँच समिति ने इस धारणा का समर्थन किया। वर्ष 1960 में पलाइ सेंट्रल बैंक लि. तथा लक्ष्मी बैंक लि. के विफल होने के उपरांत रिज़र्व बैंक तथा केंद्र सरकार द्वारा जमाराशियों की बीमा के संबंध में गंभीर विचार प्रस्तुत किए। 21 अगस्त, 1961 को संसद में निक्षेप बीमा निगम (डीआईसी) बिल लाया गया। संसद द्वारा इसके पारित होने के उपरांत 7 दिसंबर, 1961 को इस बिल को राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई और निक्षेप बीमा अधिनियम 1961 दिनांक 1 जनवरी, 1962 से प्रभावी हुआ।

प्रारंभ में, निक्षेप बीमा योजना कार्यरत सभी वाणिज्यिक बैंकों पर लागू की गयी। इसके अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक तथा इसकी सहायक संस्थाएं तथा वाणिज्यिक बैंक तथा भारत में परिचालित विदेशी बैंकों की शाखाएं शामिल थीं।

निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 अधिनियमित किए जाने के बाद निक्षेप बीमा का विस्तार सहकारी बैंकों तक भी किया गया और निगम से यह अपेक्षा की गई कि वह निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 13ए के प्रावधानों के अंतर्गत ''पात्र सहकारी बैंकों'' का बीमाकृत बैंकों के रूप में पंजीकरण करे।

रिज़र्व बैंक से परामर्श करके भारत सरकार ने जुलाई 1960 में ऋण गारंटी योजना प्रारंभ की। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17 (11ए)(ए) के अंतर्गत केंद्र सरकार के एजेंट के रूप में रिज़र्व बैंक को इस योजना के प्रशासन का कार्य सौंपा गया और इसे ऋण गारंटी संस्थान (सीजीओ) का नाम दिया गया जिसे बैंकों और अन्य ऋण संस्थाओं द्वारा लघु उद्योगों को स्वीकृत किए गए अग्रिमों के लिए गारंटी प्रदान करना था। रिज़र्व बैंक ने इस योजना को 31 मार्च 1981 तक परिचालित किया।

रिज़र्व बैंक ने 14 जनवरी 1971 को एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी को प्रोन्नत किया जिसका नाम क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. (सीजीसीआई) था। क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. द्वारा प्रारंभ की गई ऋण गारंटी योजना का उद्देश्य अबतक उपेक्षित विशेष रूप से गैर-औद्योगिक गतिविधियों में लगे समाज के कमजोर वर्ग की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण संस्थाओं द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा परिभाषित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अंतर्गत सम्मिलित छोटे और जरूरतमंद उधारकर्ताओं को स्वीकृत किए गए ऋणों और अग्रिमों के लिए गारंटी कवर उपलब्ध कराने के माध्यम से वाणिज्यिक बैंकों को प्रोत्साहित करना था।

निक्षेप बीमा और ऋण गारंटी के कार्यों को एकीकृत करने के उद्देश्य से दोनों संस्थाओं जैसे : निक्षेप बीमा निगम और क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया (सीजीसीआई) को मिला दिया गया और इस प्रकार 15 जुलाई 1978 को निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अस्तित्व में आया। निक्षेप बीमा अधिनियम, 1961 को पूर्ण रूप से संशोधित किया गया और पुन: इसे 'निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961' का नाम दिया गया।

भारत सरकार की ऋण गारंटी योजना के निरस्त हो जाने के बाद 1 अप्रैल 1981 से निगम ने छोटे लघु उद्योगों को स्वीकृत

ऋण के लिए भी गारंटी सहायता प्रदान करना प्रारंभ किया। 1 अप्रैल 1989 से पूरे प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों के अग्रिमों तक गारंटी कवर का विस्तार किया गया।

(3) संस्थागत कवरेज

(i) भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं सहित सभी **वाणिज्य बैंक**, स्थानीय क्षेत्र बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत शामिल हैं।

(ii) निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 2(जीजी) में यथापरिभाषित सभी पात्र **सहकारी बैंकों** को निक्षेप बीमा योजना के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है। राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों में कार्य कर रहे सभी राज्य, केंद्रीय और प्राथमिक सहकारी बैंक, जिन्होंने निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की अपेक्षानुसार रिज़र्व बैंक को यह अधिकार देने के लिए अपने सहकारी समिति अधिनियम को संशोधित किया है कि वह राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों की समितियों के रजिस्ट्रार को आदेश दे सके कि किसी सहकारी बैंक का समापन कर दे अथवा इसके प्रबंध समिति को अधिक्रमित करे और रजिस्ट्रार से अपेक्षित कर सके कि वह रिज़र्व बैंक से लिखित पूर्व स्वीकृति के बिना किसी सहकारी बैंक के समापन, समामेलन या पुन:निर्माण के लिए कोई कार्रवाई न करें, पात्र सहकारी बैंक समझे जाते हैं। वर्तमान में सभी सहकारी बैंक इस योजना में शामिल हैं। संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप तथा दादरा एवं नगर हवेली में कोई भी सहकारी बैंक नहीं है।

(4) बैंकों का पंजीकरण

(i) निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत सभी नए वाणिज्य बैंकों से अपेक्षित है कि वे बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अंतर्गत रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराएं। निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 11ए के अंतर्गत सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षित है कि वे अपनी स्थापना की तारीख से 30 दिनों के अंदर निगम में पंजीकरण कराएं।

(ii) एक नए पात्र सहकारी बैंक से अपेक्षित है कि वह रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराए।

(iii) जब किसी प्राथमिक सहकारी समिति की स्वाधिकृत निधियाँ ₹1 लाख हो जाएं तो बैंकिंग कारोबार करने हेतु उसे प्राथमिक सहकारी बैंक के रूप में लाइसेंस के लिए रिज़र्व बैंक में आवेदन करना होगा और लाइसेंस के लिए आवेदन की गई तारीख से 3 महीनों के अंदर निगम में पंजीकरण कराना होगा।

(iv) निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 के लागू होने के बाद सहकारी बैंक के रूप में कारोबार कर रहे किसी अन्य सहकारी समिति के विभाजन अथवा बैंकिंग विधि (सहकारी समितियों पर प्रयोज्य) अधिनियम, 1965 के प्रारंभ के समय से या इसके बाद से बैंकिंग कारोबार करनेवाले दो या अधिक सहकारी समितियों के समामेलन से अस्तित्व में आए सहकारी बैंक को लाइसेंस के लिए आवेदन की गई तारीख से तीन महीनों के अंदर पंजीकरण कराना है। तथापि, ऐसे किसी सहकारी बैंक का पंजीकरण नहीं किया जाएगा जिसके संबंध में रिज़र्व बैंक द्वारा लिखित रूप में यह सूचित किया गया हो कि उसे लाइसेंस नहीं दिया जा सकता है।

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 14 के अनुसार निगम द्वारा किसी बैंक का बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण करने के बाद उससे अपेक्षित है कि वह 30 दिनों के अंदर लिखित रूप में बैंक को सूचित करे कि उसे बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया है। सूचना पत्र में पंजीकरण सूचना और पंजीकरण संख्या के अलावा बैंक द्वारा अनुपालन की जाने वाली अपेक्षाओं के ब्यौरे अर्थात्, निगम को देय प्रीमियम दर, प्रीमियम अदा करने की पद्धति और निगम को प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियों के ब्यौरे आदि शामिल होने चाहिए।

(5) बीमा कवरेज

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16(1) के मूल प्रावधानों के अंतर्गत बीमा सुरक्षा प्रति जमाकर्ता उसके द्वारा बैंक की सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशि को मिलाकर 'समान क्षमता और समान अधिकार' में मूलत: ₹1500/- तक सीमित रखी गई थी। तथापि, अधिनियम निगम को यह भी अधिकार देता है कि वह केंद्र

सरकार के पूर्वानुमोदन से इस सीमा को बढ़ा सकता है। तदनुसार, बीमा सीमा को समय-समय पर निम्नानुसार बढ़ाया गया है :

प्रभावी तिथि	बीमा सीमा ₹
1 मई 1993	1,00,000/-
1 जुलाई 1980	30,000/-
1 जनवरी 1976	20,000/-
1 अप्रैल 1970	10,000/-
1 जनवरी 1968	5,000/-

(6) सुरक्षा प्रदत्त जमाराशियों के प्रकार

निबीप्रगानि (i) विदेशी सरकारों की जमाराशियाँ; (ii) केंद्र / राज्य सरकारों की जमाराशियाँ; (iii) राज्य सहकारी बैंकों में रखी गई राज्य भूमि विकास बैंकों की जमाराशियाँ; (iv) अंतर बैंक जमाराशियाँ; (v) भारत के बाहर प्राप्त जमाराशि तथा (vi) रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निगम द्वारा विशेष रूप से छूट प्राप्त किसी राशि को छोड़कर बचत, मीयादी, चालू, आवर्ती आदि जैसी सभी बैंक जमाराशियों का बीमा करता है।

(7) बीमा प्रीमियम

निक्षेप बीमा प्रणाली के संचालन हेतु निगम बीमाकृत बैंकों से बीमा प्रीमियम एकत्रित करता है। बीमाकृत बैंकों द्वारा अदा किए जाने वाले बीमा प्रीमियम का परिकलन निर्धारणीय जमाराशियों के आधार पर किया जाता है। बीमाकृत बैंक निगम को अग्रिम प्रीमियम अर्ध-वार्षिक(छमाही) आधार पर पिछले अर्ध-वर्ष(छमाही) के अंत की जमाराशियों की स्थिति के अनुसार प्रत्येक वित्तीय छमाही के प्रारंभ से दो महीनों के भीतर भुगतान करते हैं। बीमित बैंकों द्वारा निगम को प्रदत्त प्रीमियम के संबंध में बैंकों से अपेक्षित है कि इसे वे स्वयं वहन करें न कि जमाकर्ताओं पर डालें। प्रीमियम भुगतान में विलंब के लिए बीमाकृत बैंक संबंधित छमाही से भुगतान की तारीख तक चूक की राशि पर बैंक दर से 8 प्रतिशत अधिक की दर पर ब्याज का भुगतान करने के लिए बाध्य है।

₹ 100 की प्रत्येक जमाराशि पर प्रीमियम की दर

तारीख से	प्रीमियम (₹ में)
1-04-2005	0.10
1-04-2004	0.08
1-07-1993	0.05
1-10-1971	0.04
1-01-1962	0.05

(8) पंजीकरण रद्द करना

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 15ए के अंतर्गत निगम को लगातार तीन छमाहियों के लिए प्रीमियम अदा न करने वाले बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण रद्द करने का अधिकार है। तथापि, यदि विपंजीकृत बैंक द्वारा इस हेतु अनुरोध किया जाता है और वह चूक की तारीख से प्रीमियम के रूप में देय संपूर्ण राशि ब्याज सहित अदा कर देता है तो निगम द्वारा उसका पंजीकरण फिर से चालू किया जा सकता है परंतु शर्त यह है कि वह बैंक अन्यथा रूप से बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण हेतु पात्र हो।

किसी बीमाकृत बैंक का पंजीकरण निम्न परिस्थितियों में रद्द किया जा सकता है:- नई जमाराशियाँ स्वीकार करने से उसे प्रतिबंधित किया गया हो; अथवा रिज़र्व बैंक द्वारा इसका लाइसेंस रद्द अथवा लाइसेंस देने के लिए मना कर दिया गया हो; अथवा स्वैच्छिक रूप से अथवा अनिवार्यत: उसका समापन कर दिया गया हो अथवा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 36ए(2) के अर्थों में अब वह बैंकिंग कंपनी या सहकारी बैंक नहीं रह गया हो; अथवा इसने अपनी सारी जमा देयताओं को किसी अन्य संस्था को अंतरित कर दिया हो; अथवा इसे किसी अन्य बैंक के साथ समामेलित कर दिया गया हो अथवा किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई समझौता, व्यवस्था या पुनर्निर्माण योजना स्वीकृत की गई हो और यह योजना नई जमाराशियाँ स्वीकार करने की अनुमति न देती हो। किसी सहकारी बैंक के संबंध में यदि उसने पात्र सहकारी बैंक के रूप में कार्य करना बंद कर दिया हो तो इसका पंजीकरण रद्द भी हो सकता है।

प्रीमियम भुगतान करने में हुई चूक को छोड़कर अन्य कारण से किसी बैंक का पंजीकरण रद्द किए जाने की स्थिति में रद्द करने की तारीख तक बैंक की जमाराशियों को बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

(9) बीमाकृत बैंकों का पर्यवेक्षण और निरीक्षण

निगम को किसी बीमाकृत बैंक के अभिलेखों को आसानी से प्राप्त करने और इनकी प्रतिलिपियाँ माँगने का अधिकार है। निगम के अनुरोध पर रिज़र्व बैंक से अपेक्षित है कि वह किसी बीमाकृत बैंक का निरीक्षण/जाँच पड़ताल करे/करवाए।

(10) दावों का निपटान

(i) किसी बीमाकृत बैंक के समापन या परिसमापन की स्थिति में पंजीकरण रद्द करने की तारीख (अर्थात् लाइसेंस रद्द

करने अथवा समापन या परिसमापन की तारीख) तक बैंक के प्रत्येक जमाकर्ता द्वारा उसकी सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशियों को मिलाकर उसकी समान क्षमता और समान अधिकार में रखी राशि में से उसके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16(1) के साथ पठित 16(3)] भुगतान हेतु पात्र होंगे। तथापि, प्रत्येक जमाकर्ता को भुगतान समय-समय पर निर्धारित बीमा-कवर की सीमा के अधीन किया जाएगा।

(ii) जब किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी बैंक के लिए समझौता या व्यवस्था या पुनर्निमाण या समामेलन की योजना स्वीकृत की जाती है और इस योजना में इसके लागू होने की तारीख तक पूरी जमाराशि के क्रेडिट के लिए जमाकर्ता पात्र नहीं होते हैं तो निगम पूरी जमाराशि अथवा उस समय लागू बीमा कवर की सीमा में, इसमें से जो भी कम हो और योजना के अंतर्गत वास्तव में उसे प्राप्त होने वाली राशि के बीच के अंतर की राशि अदा करता है। इन मामलों में भी, उस बैंक की सभी शाखाओं में समान क्षमता और समान अधिकार में जमाकर्ताओं की सभी जमाराशियों के संबंध में जमाकर्ताओं को देय राशि का निर्धारण बैंक को उनके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16 (2) और (3)] निर्धारित किया जाता है।

(iii) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम की धारा 17(1) के प्रावधानों के अंतर्गत किसी बीमाकृत बैंक जिसका समापन हो चुका हो या वह परिसमापनाधीन है, तो उसके परिसमापक द्वारा निबीप्रगानि द्वारा यथानिर्दिष्ट पद्धति में प्रत्येक जमाकर्ता की जमाराशि और समंजन-राशि को अलग-अलग दर्शाने वाली सूची इसकी यथार्थता प्रमाणित करते हुए परिसमापक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के तीन महीनों के भीतर निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम को प्रस्तुत की जानी है। (विशिष्ट दावा निपटान प्रक्रिया चार्ट 1 में दी गई है)

(iv) ऐसे बैंक के संबंध में जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि जैसी कोई योजना स्वीकृत की गई है, इसी प्रकार की सूची संबंधित अंतरिती बैंक या बीमाकृत बैंक, जैसी भी स्थिति हो, के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि जैसी योजना के लागू होने की तारीख डनिबीप्रगानि अधिनियम की धारा 18(1).से तीन महीनों के अंदर प्रस्तुत की जानी है।

(v) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम से अपेक्षित है कि वह अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक जमाकर्ता के संबंध में देय राशि का भुगतान, ऐसी सूची जो निगम द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हो और सभी प्रकार से पूर्ण / सही हो, के प्राप्त करने के दो महीनों के अंदर करे। निगम ऐसी सूची का प्रमाणीकरण ऑन-साइट सत्यापन करने वाले सनदी लेखाकारों के फर्म से करवाता है।

(vi) सामान्यत: निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम जमाकर्ताओं के मध्य संवितरित करने के लिए पात्र राशि का भुगतान अंतरिती / बीमाकृत बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी / परिसमापक को करता है। तथापि, अनट्रेसबल जमाकर्ताओं को देय राशि, इसके संबंध में परिसमापक / मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सभी अपेक्षित ब्यौरे निगम को प्रस्तुत करने तक, रोक कर रखी जाएगी।

(11) निपटाए गए दावों की वसूली

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली के विनियम 22 के साथ पठित निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 21(2) के अनुसार, परिसमापक या बीमाकृत बैंक या अंतरिती बैंक, जैसा भी मामला हो, से अपेक्षित है कि वे विफल बैंकों की आस्तियों से वसूली गई राशि में से व्ययों के लिए प्रावधान करने के उपरांत हाथ में उपलब्ध अन्य राशि में से निबीप्रगानि को चुकौती करें।

(12) निधि, लेखे और कराधान

निगम तीन विभिन्न निधियाँ रखता है : अर्थात् (i) जमा बीमा निधि (डीआईएफ); (ii) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ); (iii) सामान्य निधि (जीएफ)। पहले दो निधियों का निर्माण क्रमश: बीमा प्रीमियम और गारंटी शुल्क के संचयन से किया जाता है और संबंधित दावों के निपटान हेतु इसका उपयोग किया जाता है। निगम की प्राधिकृत पूँजी ₹500 मिलियन है, जो पूर्णत: रिज़र्व बैंक द्वारा अभिदत्त है। सामान्य निधि का उपयोग निगम के स्थापना और प्रशासनिक व्यय को पूरा करने के लिए किया जाता है। सभी तीनों निधियों की

चार्ट 1 : भारत में सहकारी बैंकों के संबंध में दावों के निपटान की विशिष्ट प्रक्रिया



1. रिज़र्व बैंक किसी बैंक लाइसेंस रद्द करता है / लाइसेंस अस्वीकार कर देता हे और संबंधित सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस) को परिसमापन की सिफारिश करता है और निबीप्रगानि को इसकी सूचना देता है।
2. आरसीएस परिसमापित बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करता है तथा निबीप्रगानि को सूचित करता है।
3. निबीप्रगानि बीमाकृत बैंक का पंजीकरण रद्द करता है और तीन महीनों के अंदर दावा सूची प्रस्तुत करने हेतु परिसमापक को दिशानिर्देश जारी करता है और रि. जर्व बैंक से दावा सूची का आनसाइट सत्यापन करने के लिए बाह्य लेखापरीक्षक (सनदी लेखाकार) नियुक्त करने का अनुरोध करता है।
4. रिज़र्व बैंक सनदी लेखाकार की नियुक्ति करता है और निबीप्रगानि दावा सूची की जाँच करने के लिए सनदी लेखाकार हेतु संक्षिप्त विवरण और ओरिएंटेशन सत्र आयोजित करता है।
5. परिसमापक जमाकर्ताओं को भुगतान करने हेतु दावा सूची प्रस्तुत करता है (साफ्ट और हार्ड कापी दोनों रूप में)।
6. आनसाइट लेखापरीक्षक (सनदी लेखाकार) दावा सूची संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।
7. कंप्यूटर के माध्यम से दावा सूची का संसाधन किया जाता है और भुगतान सूची तैयार की जाती है।
8. समेकित भुगतान परिसमापक को जारी किया जाता है और अपूर्ण / संदिग्ध दावों के संबंध में जानकारी मांगी जाती है। निगम की वेबसाइट के जरिए दावा राशि जारी करने की घोषणा की जाती है।
9. परिसमापक जमाकर्ताओं को भुगतान राशि जारी करता है।

अधिशेष राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है। अधिनियम के अंतर्गत अंतर-निधि अंतरण हेतु अनुमति प्राप्त है।

प्रतिवर्ष 31 मार्च को निगम के बही-खाते बंद किए जाते हैं। निगम के कार्यों की लेखापरीक्षा रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों द्वारा की जाती है। लेखापरीक्षित लेखों के साथ लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और निगम की कार्य पद्धति संबंधी रिपोर्ट लेखाबंदी के 3 महीनों के अंदर रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की जाती है। इन प्रलेखों की प्रतिलिपियाँ केंद्र सरकार को भेजी जाती हैं, जिन्हें संसद के प्रत्येक सदन में रखा जाता है। सामान्यत: निगम व्यापारिक (मर्केण्टाइल) लेखांकन प्रणाली का उपयोग करता है और 1987 से देयताओं के लिए बीमांकिक मूल्यांकन प्रणाली को अपनाया गया है।

निगम वित्तीय वर्ष 1987-88 से आयकर का भुगतान कर रहा है। आयकर अधिनियम, 1961 मे यथापरिभाषित किए गए अनुसार आयकर के संबंध में निगम का मूल्यांकन 'कंपनी' के अंतर्गत किया जाता है। इसके साथ ही निगम ने सेवाकर संबंधी पंजीकरण करा लिया है और 1 अक्तूबर 2011 से प्रीमयम आय पर उपचित सेवाकर अदा कर रहा है।

प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण

वित्तीय संस्थाओं के समाधान हेतु ढाँचा तैयार करने का प्रयास

वर्ष 2007 में शुरू हुई वैश्विक वित्तीय संकट ने वित्तीय समाधान प्रक्रिया में कमियों को उजागर किया। इन समस्याओं को सुलझाने के लिए उपलब्ध उपाय (टूल्स) अपर्याप्त पाए गए। तुलनात्मक रूप से विकसित वित्तीय प्रणालियों वाले विनियामक प्राधिकरणों ने भी खासकर, सीमा-पार उपस्थिति वाले बड़े और व्यापक बैंकों और गैर-बैंक वित्तीय संस्थाओं के समाधान के लिए अधिकारों और उपायों का अभाव पाया। जैसे-जैसे संकट सामने आता गया, उसके संक्रमणकारी प्रभाव को रोकने के लिए प्राधिकरणों ने हस्तक्षेप किया और कई अपूर्व उपायों के माध्यम से सहायता उपलब्ध करायी। इनमें अधिग्रहण (टेकओवर), निर्बंध गारंटी, चलनिधि डालना और निक्षेप बीमा का विस्तार जैसे उपाय शामिल किए गए। यह व्यापक रूप से माना गया कि वर्तमान कंपनी दिवाला की पद्धतियाँ अत्यधिक प्रणालीगत प्रभावों के साथ वित्तीय संस्था के अव्यवस्थित ढंग से विफल होने का कारण बन सकती है।

वित्तीय संकट से मिली सिख के आधार पर कई क्षेत्राधिकारों ने अपने विनियामक और पर्यवेक्षी ढाँचे में सुधार लाने के लिए अत्यधिक प्रयास किए। इस ओर, प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं की विफलता को हल करने के लिए प्राधिकरणों की सक्षमता बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय और अंतरर्राष्ट्रीय दोनों स्तर पर दूरगामी विधैयी परिवर्तनों सहित विभिन्न सुधारात्मक उपाय किए गए, ताकि वास्तविक अर्थव्यवस्था पर उसके चक्रीय प्रभाव को कम किया जा सके। अंतरर्राष्ट्रीय मानक तैयार करने वाली निकाईयाँ, अर्थात् बैंक पर्यवेक्षण पर बासेल समिति (बीसीबीएस) और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) मार्गदर्शन और मानकों को विकसित करने के द्वारा ऐसे सुधार लाने में अग्रसर रहे हैं। इन जोखिमों की व्यापकता को देखते हुए प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण संस्थाओं, खासकर जिनके सीमा-पार परिचालन हैं; उनके लिए ढ़ाँचा तैयार करने पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रीत किया गया है।

अक्तूबर 2011 में वित्तीय स्थिरता बोर्ड द्वारा जारी ''वित्तीय संस्थाओं के लिए प्रभावी समाधान व्यवस्था की प्रमुख विशेषताएं'' ने राष्ट्रीय समाधान व्यवस्था में सुधार लाने की आवश्यकता को उजागर किया। प्रमुख विशेषताओं ने सभी क्षेत्राधिकारों में एक ऐसी प्रभावी ''समाधान व्यवस्था'' विकसित करने पर जोर दिया है, जो समाधान प्राधिकरण को ऐसे विभिन्न फर्मों का समाधान करने जो अब व्यवहार्य नहीं है, के लिए व्यापक स्तर पर अधिकार, उपाय (टूल्स) और विकल्प उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय समाधान व्यवस्था के लिए आवश्यक मूल तत्वों को दर्शाया ताकि प्राधिकरण करदाताओं को हानि के जोखिम से बचाते हुए एक सुव्यवस्थित तरीके से विफल हो रही वित्तीय फर्मों का समाधान करने हेतु उन्हें समर्थ बनाया जा सके। इसी प्रकार, ऐसी व्यवस्थाओं के द्वारा महत्वपूर्ण आर्थिक कार्यों की रक्षा करना, जो दावों के अनुक्रम को ध्यान में रखते हुए शेयर धारकों और बेजमानती और गैर-बीमाकृत ऋणदाताओं को हानि झेलने के लिए समर्थ बना दें, को भी उतना ही महत्वपूर्ण माना गया। बीमा कंपनियों और वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढाँचा (एफएमआई) सहित गैर-बैंक वित्तीय संस्थाओं के समाधान के लिए अतिरिक्त सहायक मार्गदर्शन तैयार करने के द्वारा प्रमुख विशेषताओं को और मजबूत बनाया जा रहा है।

जी-20 देशों और वित्तीय स्थिरता बोर्ड के क्षेत्राधिकारों से अपेक्षा है कि वे प्रमुख विशेषताओं को वास्तविक रूप में और विस्तार से तथा वित्तीय क्षेत्र के सभी खण्ड़ों में, जो प्रणालीगत समस्यांए खड़ी कर सकते है, 2015 के अंत तक लागू कर दें। क्षेत्राधिकारों से यह भी अपेक्षा है कि वे वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढ़ाँचा (एफएमआई) जो एक से अधिक क्षेत्राधिकारों में प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण है, के लिए वित्तीय स्थिरता बोर्ड अनुबंधों की प्रमुख विशेषताओं के अनुरूप समाधान व्यवस्था, संकट प्रबंध समूह (सीएमजी) और समाधान योजना 2015 के अंत तक अपना लें।

वित्तीय स्थिरता बोर्ड विफल हुई वित्तीय संस्था के शेयरधारकों और ऋणदाताओं को उबारने के लिए विधिक ढ़ाँचा विकसित करने की ओर कार्य कर रहा है। उबारने का उद्देश्य विनियामक प्राधिकरणों को सरकारी निधियों के प्रयोग के बिना विफल हुई वित्तीय संस्था का समाधान करने (अथवा, कुछ मामलो में वसूली में सहायता करने) के लिए समर्थ बनाना है।

उबारने की मूल पूर्व-आवश्यकता है, पर्याप्त मात्रा में हानि आमेलन ऋण का होना जिसे 'विफल संस्था की हानि अवशोषक

क्षमता' (''जीएलएसी'') कहा गया है। इसे संस्था को पुन: पूँजीकृत करने के लिए विश्वसनीय रूप से घटाकर दिखाया जा सकता है अथवा साधारण ईक्विटी में परिवर्तित किया जा सकता है। जीएलएसी को पर्याप्त मात्रा में धारित करने पर और वित्तीय समूह के भीतर सही ढंग से रखे जाने पर संबंधित समाधान प्राधिकरण को सार्वजनिक निधियों पर निर्भर रहे बगैर संस्था को प्रभावी रूप से पुन: पूँजीकृत करने दिए जाने से एक सुव्यवस्थित समाधान की सुविधा प्राप्त हो सकती है। जीएलएसी को कम दिखाकर अथवा परिवर्तित करने से महत्वपूर्ण परिचालनों को जारी रखने के लिए पर्याप्त पूँजी भी सुनिश्चित की जा सकती है। जी-20 ने वित्तीय स्थिरता बोर्ड और बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासेल समिति को नवम्बर 2014 में होनेवाले ब्रिस्बेन शिखर सम्मेलन तक एक वैश्विक जीएलएसी का अंतर्राष्ट्रीय संधि का मूल पत्र तैयार करने का कठिन काम सौंपा है।

समाधान व्यवस्था की अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ[1]

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, विश्वसनीय समाधान व्यवस्था विकसित करने के कार्य ने न केवल एक प्रभावी राष्ट्रीय समाधान ढाँचा तैयार करने के विषय पर ध्यान केंद्रीत किया है बल्कि व्यापक समूह संरचना और सीमा-पार संकट समाधान व्यवस्था की समस्याओं को सुलझाने पर भी ध्यान दिया है। वित्तीय स्थिरता बोर्ड कई विषयों पर मार्गदर्शन विकसित करने के विभिन्न चरणों में है और क्षेत्राधिकारों में सुधार कार्य चल रहा है। वित्तीय स्थिरता बोर्ड ने प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं (एसआईएफआई)[1] की विफलता की संभावन को कम करते हुए ''इतनी बड़ी की विफल नहीं हो सकती'' (टीबीटीएफ) संस्थाओं को सुलझाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। इसमें संस्थाओं का प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण होने का निर्धारण करने के लिए: अतिरिक्त हानि की अवशोषक क्षमता; बढ़ी हुई पर्यवेक्षी तीव्रता; अधिक प्रभावी समाधान व्यवस्था और मज़बूत वित्तीय बाज़ार संबंधी बुनियादी ढाँचा की आवश्यकता शामिल है। वैश्विक-प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों (जी-एसआईबी) और बीमाकर्ताओं (जी-एसआईआई) के निर्धारण के लिए कार्य-पद्धतियाँ जारी की गयी है और 29 जी-एसआईबी और 9 जी-एसआईआई को पदनामित किया गया है। उच्चतर हानि - अवशोषक क्षमता, अधिक गहन पर्यवेक्षण और समाधान योजना की आवश्यकताएं इन सभी संस्थाओं पर लागू होंगे। वैश्विक-प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों के लिए विफल संस्थाओं की अतिरिक्त हानि अवशोषक क्षमता वाली एक नई मजबूत पूँजी व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया है और कई मामलों में वैश्विक - प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंक समय से पहले अतिरिक्त पूँजी निर्माण कर रहे हैं। जोखिम प्रबंधन, जोखिम समूहन और जोखिम रिपोर्टिंग के लिए अधिक पर्यवेक्षण करने और पर्यवेक्षी अपेक्षाओं को बढ़ाने के सुझाव दिए गए हैं और उसे लागू किया जा रहा है। वैश्विक-प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों के लिए समाधान रणनीतियों पर मार्गदर्शन जारी किया गया है। वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढाँचा (एफएमआई) और बीमाकर्ताओं के समाधान पर कार्य करने तथा समाधान में ग्राहकों की आस्तियों की सुरक्षा करने पर दृष्टिकोण को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

वित्तीय संस्थाओं के प्रभावी समाधान के लिए मानकों को कई देशों द्वारा लागू किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, जापान, मेक्सिको, निदरलैंड्स, स्पैन, स्विटज़रलैंड, यूनाइटेड किंगडम और अमरीका जैसे कुछ क्षेत्राधिकारों में हाल में हुए सुधार यह दर्शाते हैं कि प्रमुख विशेषताओं को लागू करने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

अमरीका ने प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं के समाधान के लिए 21 जुलाई 2010 को डाड-फ्रान्क अधिनियम बनाया। अमरीका में अपने संबंधित विनियामकों के अंतर्गत बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं के समाधान के लिए ढाँचा पहले से ही मौजूद था। जबकि उनका मौजूदा ढाँचा लघु और मध्यम संस्थाओं के लिए सही ढ़ग से काम में आया, उनके व्यापक और वैश्विक स्वरूप की संस्थाओं के समाधान में समस्या आयी। डाड-फ्रान्क ढाँचा के अंतर्गत उल्लिखित समाधान ढाँचा प्रणालीगत और गैर-प्रणालीगत संस्थाओं में अन्तर दर्शाता है। वित्तीय फर्म जो गैर-प्रणालीगत स्वरूप के हैं, उनका समाधान उनके संबंधित कानून के अंतर्गत किया जाता है जबकि डाड-फ्रान्क अधिनियम के प्रावधान प्रणालीगत रूप से निर्धारित फर्मों पर लागू होते हैं। डाड-फ्रान्क अधिनियम कई प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं के व्यापक और वैश्विक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय तौर से प्राधिकरणों के बीच बेहतर समन्वय के लिए ढाँचा भी उपलब्ध कराता है। फेडरल निक्षेप बीमा निगम

[1] प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण संस्थाओं (एसआईएफआई) की व्यापकता, बाजार महत्व और परस्पर संबद्धता इतनी बड़ी है कि उनकी विपदा अथवा विफलता से वित्तीय प्रणाली अत्यधिक विस्थापित हो सकती है और आर्थिक परिणामों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ''इतनी बड़ी की विफल नहीं हो सकती'' (टीबीटीएफ) की स्थिति तब उभरती है जब प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण संस्था की विफलता से सार्वजनिक प्राधिकरणों के पास वित्तीय अस्थिरता और आर्थिक नुकसान से बचने के लिए कोई विकल्प नहीं रहता है और सार्वजनिक निधियों का प्रयोग करना पड़ता है।

(एफडीआईसी) को डाड-फ्रान्क अधिनियम के भाग II के अंतर्गत नई स्थापित पूरक वित्तीय कंपनी में दावों को कम दिखाकर और दावों को ईक्विटी में परिवर्तित कर विफल वित्तीय कंपनी (जिसके लिए एफडीआईसी को प्राप्तकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है) के शेयरधारकों और ऋणदाताओं की प्रभावी रूप से सुरक्षा करने का अधिकार है। अमरीका के विनियामकों ने डाड-फ्रान्क अधिनियम के कतिपय प्रावधानों को लागू करने के लिए नियम बनाए हैं और अन्य प्रावधानों को लागू करने के लिए नियम बनाना जारी रखा है।

फेडरल निक्षेप बीमा निगम ने डाड-फ्रान्क अधिनियम के भाग II द्वारा दिए गए सुव्यवस्थित परिसमापन प्राधिकार के अंतर्गत चूक अथवा चूक की आशंका वाले प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं के समाधान के लिए ''एकल प्रवेश मार्ग'' (एसपीओई) रणनीति का प्रस्ताव किया है। ''एकल प्रवेश मार्ग'' की रणनीति विफल हुई धारित कंपनी की परिचालनरत सहायक कंपनी को बिना रुकावट अपने परिचालन जारी रखने की अनुमति देते हुए केवल प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं के उच्च स्तरीय अमरीकी धारित कंपनी के लिए फेडरल निक्षेप बीमा निगम को एक प्राप्तकर्ता के रूप में नियुक्ति करती है।

यूनाइटेड किंगडम (यूके) में भी विभिन्न एजेंसियों की स्पष्ट भूमिका के साथ उल्लेखनीय सुधार शुरू किया गया। यू.के के बैंकों का समाधान संकट-पूर्व अवधि में सामान्य कंपनी दिवाला कानून पर निर्भर था। बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) विफल हो रही यू.के बैंकों के लिए अग्रणी समाधान प्राधिकरण और बैंककारी अधिनियम 2009 के अंतर्गत लागू विशेष समाधान व्यवस्था (एसआरआर) के अधीन समितियां बनाने का कार्य करती है। बैंककारी अधिनियम बैंकों के समाधान के लिए एसआरआर के अनुरूप तैयार किए गए स्थायी समाधान ढाँचे को स्थापित करती है। इस ढाँचे में बीमाकृत जमाकर्ताओं की सुरक्षा करते हुए दिवालिया बैंकों के समापन के लिए कई निर्देशित अंतरण अधिकार (बैंककारी अधिनियम में इसे ''स्थायीकरण अधिकार'' कहा गया है) और बैंक दिवाला पद्धति (बीआईपी) शामिल है। बैंककारी अधिनियम, 2009, अन्य बातों के साथ-साथ एसआरआर शुरू करने, एसआरआर के लक्ष्यों को निर्धारित करने, एसआरआर के अंतर्गत विभिन्न स्थायीकरण (अथात् अंतरण) के विकल्प देने और अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने के उपाय सुझाने के लिए सतर्कता बिन्दु दर्शाते हैं। बैंककारी अधिनियम अपने अधिकारों के प्रत्यायोजन में बैंक ऑफ इंग्लैड और शाही खजाने को विभिन्न परिदृश्यों में विशिष्ट स्थिरीकरण विकल्प लागू करने और अन्य प्राधिकरणों के साथ परामर्श करने की बाध्यता प्रदान करता है।

बैंकों के सीमा-पार परिचालनों की व्यापकता के कारण उभरती चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यूरोपीय संसद ने ऋण संस्थाओं और निवेश फर्मों के सुधार और समाधान (सामान्यत: इसे बैंक सुधार और समाधान निर्देश अथवा ''बीआरआरडी'' कहा गया है) के लिए ढाँचा स्थापित करने हेतु यूरोपीय कमीशन के प्रस्ताव को अनुमोदित किया। बीआरआरडी के अतिरिक्त यूरोपीय संसद ने हाल ही में एकल समाधान व्यवस्था (''एसआरएम'') को भी अनुमोदित किया जो सभी यूरो क्षेत्र के सदस्य राज्यों के साथ-साथ इसका विकल्प देनेवाले उन गैर-यूरो क्षेत्र के सदस्य राज्यों पर भी लागू होते है। यूरो क्षेत्र के भीतर बैंकिंग संस्थाओं के समाधान के लिए एक एकीकृत प्रणाली उपलब्ध कराने के लिए एसआरएम बीआरआरडी के सहयोग में कार्य करेगा।

बीआरआरडी को आर्थिक रूप से निर्बल और विफल हो रही ऋण संस्थाओं पर प्रभावी रूप से कार्य करने के लिए यूरोपीय संघ स्तर पर पर्याप्त उपाय उपलब्ध कराने के लिए तैयार किया गया है। उसका उद्देश्य किसी बैंक अथवा किसी संस्था की वित्तीय स्थिरता कम से कम जोखिम के साथ त्वरित समाधान कराना है। उक्त निर्देश जब कोई बैंक विफल होती है तो उसके प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण कार्यों को सुरक्षित रखता है और करदाताओं के बदले शेयर धारक और ऋणदाता हानि उठाते हैं। एक-समान व्यवस्था के अभाव में यूरोपीय संघ के भीतर अलग-अलग सदस्य राज्यों के बैंकों की दिवाला पद्धतियाँ भिन्न - भिन्न होंगी। इसके कारण विफल हो रही सीमा-पार बैंकिंग समूह पर कार्य करते समय राष्ट्रीय पर्यवेक्षी प्राधिकरणों के बीच परस्पर सहयोग का अभाव होगा। अत: उक्त निर्देश यूरोपीय संघ में बैंकों के समाधान के लिए न्यूनतम एक-समान व्यवस्था रखने का प्रस्ताव करते हैं। यह नियम पूँजी आवश्यकता के अधीन ऋण संस्थाओं (अर्थात् बैंकों) और बड़े निवेश फर्मों दोनों पर लागू होंगे। उक्त निर्देश विफल हो रही संस्थाओं का सुधार कार्य, समाधान और सुव्यवस्थित विघटन का समर्थन करता है। प्रस्तावित निर्देश यूरोपीय संघ के सदस्य राज्यों से एक या अधिक सार्वजनिक प्रशासनिक प्राधिकरणों को समाधान प्राधिकरणों के रूप में नियुक्त करने की अपेक्षा रखता है। इनमें केंद्रीय बैंक, वित्तीय पर्यवेक्षक, निक्षेप बीमा एजेन्सी अथवा विशेष प्राधिकरण हो सकते हैं। तथापि,

यदि पर्यवेक्षी संस्था के भीतर एक समाधान प्राधिकरण की स्थापना की जाती है तो पर्यवेक्षी सहिष्णुता के जोखिम को कम करने के लिए दोनों कार्यकलापों के कार्यों को अलग-अलग रखने का सुझाव दिया गया है। बचाव उपाय (बेल-ईन टूल्स) को छोड़कर निर्देश के प्रारूप को लागू करने की प्रस्तावित तारीख 1 जनवरी 2015 है। किसी भी समाधान प्राधिकरण द्वारा बचाव उपाय 1 जनवरी 2018 तक लागू नहीं किया जाएगा।

भारत में समाधान ढ़ाँचे की गतिविधियाँ[2]

वर्तमान में, भारत में अब तक संपूर्ण रूप से केवल वित्तीय संस्थाओं के लिए कोई विशेष समाधान व्यवस्था अथवा व्यापक नीति अथवा दिवाला पर कोई कानून उपलब्ध नहीं है। तथापि, विभिन्न अधिनियमों में कुछ प्रावधान निहित हैं जो भारत में विभिन्न प्रकार की समस्यावाले वित्तीय संस्थाओं के समाधान के लिए संबंधित विनियामकों/पर्यवेक्षकों/और अथवा केंद्र सरकार को अधिकार प्रदान करते हैं। उक्त प्रवधान निम्नलिखित में निहित हैं -

- बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 और बैंकिंग कंपनियों के लिए कंपनी कानून (निजी क्षेत्र की बैंकों, विदेशी बैंकों और स्थानीय क्षेत्र की बैंकों);
- भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970/1980, भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 और भारतीय स्टेट बैंक और उसकी सहायक बैंकों सहित सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों के लिए बैंककारी विनियमन (बीआर) अधिनियम, 1949;
- बैंककारी विनियमन अधिनियम (सहकारी समितियों पर यथा लागू), 1966, बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 और सहकारी बैंकों (राज्य सहकारी बैंकों, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों और प्राथमिक सहकारी बैंकों) के लिए संबंधित सहकारी सोसाइटी अधिनियम;
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949;
- बीमा अधिनियम, 1938, बीमा नियम, 1939, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 और उसके अंतर्गत बीमा कंपनियों के लिए तैयार किए गए विनियम;
- प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956, भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड अधिनियम, 1992 और प्रतिभूति कंपनियों/ब्रोकरों और शेयर बाज़ारों के लिए शेयर बाज़ार और समाशोधन निगम अधिनियम, 2012;
- भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए कंपनी कानून; और
- पेंशन कंपनियों के लिए पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण, 2013

हालांकि विभिन्न अधिनियमों (ऊपर उल्लिखित) में कुछ प्रावधान निहित है जो संबंधित विनियामकों/पर्यवेक्षकों और/अथवा केन्द्र सरकार को वित्तीय संस्थाओं के विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकार देते हैं, फिर भी, भारत में संपूर्ण रूप से केवल वित्तीय संस्थाओं के लिए कोई विशेष समाधान व्यवस्था अथवा व्यापक नीति अथवा दिवाला पर कानून नहीं है। यह अधिकार वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढाँचा (एफएमआई) जैसी संस्थाओं की कतिपय श्रेणियों के लिए अपर्याप्त है। साथ ही, प्रमुख विशेषताओं में उल्लेख किए गए अनुसार संपूर्ण रूप से वित्तीय संस्थाओं के लिए समाधान पर निगरानी रखने और उसे लागू करने के लिए कोई समर्पित समाधान प्राधिकरण नहीं है।

संपूर्ण वित्तीय क्षेत्र के लिए भारतीय समाधान व्यवस्था/ ढाँचें में मौजूदा कमियों अर्थात वित्तीय स्थिरता बोर्ड की ''प्रमुख विशेषताओं'' की जांच करने और उसका आकलन करने के लिए और ऐसी कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक विधैयी परिवर्तनों के स्वरूप और उसके विस्तार पर सुझाव देने तथा इसे आगे ले जाने हेतु अनुमानित समय सीमा के भीतर आवश्यक कदम उठाने के लिए वित्तीय स्थिरता विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप समिति ने एक कार्यकारी दल गठित करने का निर्णय लिया। तदनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक ने जनवरी 2013 में एक उच्च स्तरीय कार्यकारी दल (श्री आनंद सिन्हा: अध्यक्ष और डॉ. अरविंद मायाराम: सह अध्यक्ष) का गठन किया। इस कार्यकारी दल ने जनवरी 2014 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और इस रिपोर्ट को मई 2014 में सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया गया।

[2] इस खण्ड की अधिकतर सामग्री ''वित्तीय संस्थाओं के लिए समाधान व्यवस्था पर कार्यकारी दल की रिपोर्ट'' भारतीय रिज़र्व बैंक, जनवरी 2014 से प्राप्त की गयी है।

इस दल ने इस तथ्य को ध्यान में रखा कि संबंधित वित्तीय संस्थाओं को नियंत्रित करने वाले अधिनियमों में कुछ ऐसे प्रावधान है जो संबंधित विनियामक/पर्यवेक्षक और/अथवा केंद्र सरकार को अर्थक्षम नहीं रहने की समस्यावाले विभिन्न प्रकार के वित्तीय संस्थाओं का समाधान करने के लिए समर्थ बनाते हैं। तथापि, उनके पास कोई व्यापक समाधान ढ़ाँचा उपलब्ध नहीं है और प्रमुख विशेषताओं के अनुरूप सभी वित्तीय संस्थाओं के लिए एक प्रभावी समाधान व्यवस्था तैयार करने में कई कमियाँ हैं। इस दल ने वित्तीय क्षेत्र विधैयी सुधार आयोग (एफएसएलआरसी) के सुझावों के अलावा अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्ट कार्य-प्रणाली और विकसित क्षेत्राधिकारों में किए गए कार्यों को ध्यान में रखते हुए व्यापक सुझाव दिए हैं।

दल द्वारा दिए गए प्रमुख सुझाव निम्नानुसार प्रस्तुत हैं:

व्यापक विधिक ढ़ाँचा

मौजूदा वित्तीय सुरक्षा ढ़ाँचे को और अधिक मजबूत बनाने और समाधान ढ़ाँचा अर्थात प्रमुख विशेषताओं में कमियों को दूर करने के लिए ऐसी वित्तीय संस्थाओं और वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढ़ाँचे (एफएमआई) (जो अर्थक्षम नहीं रहने की कगार पर है) की विफलता पर इस प्रकार कार्य करने के लिए कानून द्वारा समर्थित नीति संरचना होनी चाहिए जिससे महत्वपूर्ण वित्तीय सेवाओं की आपूर्ति भंग न हो। वित्तीय संस्थाओं और वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढ़ाँचे (एफएमआई) का समाधान एक अलग व्यापक विधिक ढ़ाँचे से समर्थित होना चाहिए।

समाधान ढ़ाँचा का उद्देश्य

भारत के समाधान ढ़ाँचे को समाधान के मूल्य में कमी से बचने और लागत को कम करने के लिए समय पर और त्वरित समाधान कार्रवाई शुरू करना; वित्तीय प्रणाली की स्थिरता को सुरक्षित रखना और उसे बनाए रखना तथा भारतीय वित्तीय प्रणाली में जनता का विश्वास प्राप्त करना; व्यवहार्य सीमाओं के भीतर सुरक्षा योजनाओं और अन्य व्यवस्थाओं के माध्यम से जमाकर्ताओं, बीमा पॉलिसी धारकों और ग्राहकों की निधियों / आस्तियों की सुरक्षा करना; करदाताओं के पैसों का प्रयोग न करना और दावों के अनुक्रम को सुनिश्चित करते हुए शेयरधारकों और बेजमानती ऋणदाताओं पर हानि लगाना आदि जैसे कतिपय उद्देश्यों से मार्गदर्शित होना चाहिए।

समाधान ढ़ाँचे का दायरा

भारत के वित्तीय समाधान ढ़ाँचे के दायरे में वाणिज्यिक बैंक (सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों और भारत में शाखाओं / सहायक बैंकों वाले विदेशी बैंक), सहकारी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों; गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों, बीमा, पेंशन, प्रतिभूति और पण्य बाजारों के फर्मों/ कंपनियों और वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढ़ाँचे (एफएमआई) सहित सभी वित्तीय संस्थाएं शामिल की जानी चाहिए। साथ ही, इनमें भारतीय रिज़र्व बैंक की स्वामित्ववाली और उसके द्वारा परिचालित अर्थात् तत्काल निपटान प्रणाली और प्रतिभूति निपटान प्रणाली को छोड़कर भुगतान प्रणालियां, प्रतिभूति निपटान प्रणालियां, केंद्रीय प्रतिपक्षों, प्रतिभूति निक्षेपागारों इत्यादि शामिल होने चाहिए। प्रस्तावित वित्तीय समाधान ढ़ाँचे के दायरे में वित्तीय दल के वित्तीय क्षेत्र विनियामक द्वारा निगमित मूल उपक्रम अथवा धारित कंपनी को भी शामिल किया जाना चाहिए।

समाधान प्राधिकरण की भूमिका और उसका गठन

सभी वित्तीय संस्थाओं और वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढ़ाँचे (एफएमआई) के समाधान के लिए एक एकल वित्तीय समाधान प्राधिकरण (एफआरए) का गठन किया जाना चाहिए, जिसे विनियामकों / पर्यवेक्षकों और सरकार से संस्थागत रूप से स्वतंत्र होना चाहिए। वित्तीय समाधान प्राधिकरण (एफआरए) को वित्तीय समाधान ढ़ाँचे के परिचालन और कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार एक मात्र प्राधिकरण होना चाहिए। वित्तीय समाधान प्राधिकरण (एफआरए) का आदेश, सीमा के भीतर बीमा पॉलिसीधारकों और निवेशकों / ग्राहकों को जमा बीमा उपलब्ध कराने और सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ विफल हुई वित्तीय संस्थाओं का समाधान करना है। वित्तीय समाधान प्राधिकरण (एफआरए) का गठन मौजूदा डीआईसीजीसी को एफआरए में परिवर्तित करके अथवा एफआरए नामक एक नया प्राधिकरण का गठन डीआईसीजीसी को शामिल करते हुए किया जा सकता है।

शुरुआत में ही हस्तक्षेप करने की उत्प्रेरणा और त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई ढ़ाँचा

यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी संस्था को अर्थक्षम नहीं रहने की स्थिति से बचाने के लिए विनियामक / पर्यवेक्षक स्पष्ट उत्प्रेरक स्तर पर पर्याप्त समय रहते शुरुआती चरण में ही हस्तक्षेप कर सके, प्रत्येक वित्तीय क्षेत्र विनियामक / पर्यवेक्षक को अपने विनियामक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आनेवाली संस्थाओं के लिए त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) ढ़ाँचा तैयार करना चाहिए।

जब कोई संस्था अंतिम चरण में पहुँच जाती है और समय सीमा के भीतर कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं कर सकती है तब यह कार्य एफआरए को सौंप देना चाहिए।

समाधान के उपाय

करदाताओं की सहायता के बगैर विफल हो रही वित्तीय संस्थाओं और वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढ़ाँचे (एफएमआई) के सुचारु समाधान के लिए एफआरए को वित्तीय संस्था का समाधान करने और उसके महत्वपूर्ण कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए प्रस्तावित संविधि में उल्लिखित विभिन्न समाधान उपाय होने चाहिए, जिनका प्रयोग लचीलेपन से एकल अथवा अन्य के साथ संयुक्त रूप से किया जा सके। उबारने की व्यवस्था वैश्विक-प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों (जी-एसआईबी) / घरेलू - प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों (डी-एसआईबी) के मामलों में भी एक समाधान उपाय के रूप में अपनायी जानी चाहिए। एफएसडीसी की सिफारिश पर भारत सरकार (वित्त मंत्रालय) को किसी वित्तीय संस्था को अस्थायी सार्वजनिक स्वामित्व (टीपीओ) और वित्तीय स्थिरता की समस्या पर नियंत्रण का अधिकार केवल जनहित में ऐसी कार्रवाई आवश्यक होने पर दिया जाना चाहिए।

समाधान निधि

एक समाधान निधि की स्थापना की जानी चाहिए जो निक्षेप बीमा निधि और अन्य सुरक्षा निधि से अलग हो। इस निधि का निर्माण जोखिम आधारित आकलनों पर निर्धारित प्रत्याशित प्रीमियम के माध्यम से एक समयावधि में किया जाएगा। तनावपूर्ण स्थितियों में पर्याप्त चलनिधि सुनिश्चित करने के लिए सरकार से अस्थायी निधियन सहायता उपलब्ध करायी जा सकती है और एफआरए बांड जारी करने के माध्यम से बाजार से निधि की उगाही कर सकती है।

निक्षेप बीमा ढ़ाँचे में सुधार

संस्थाओं के समाधान और निक्षेप बीमा के बीच सहबद्धता को ध्यान में रखते हुए समाधान प्राधिकरण का गठन करने के साथ - साथ प्रणाली को निक्षेप बीमा प्रणालियों के लिए मूल सिद्धांत जैसे अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क के अनुरूप लाने के लिए निक्षेम बीमा में सुधार लाए जाने चाहिए। उदाहरणार्थ, जिन क्षेत्र में भारत में निक्षेप बीमा सुधारों की अपनी प्रभावकारिता बढ़ाना आवश्यक है वे हैं- जमाकर्ताओं को प्रतिपूर्ति की समय सीमा घटाना, जमाकर्ता संबंधी जानकारी एक ''एकल ग्राहक अभिमत'' फार्मेट में प्राप्त करना, वसूलियों की हिस्सेदारी का प्रकार, प्रीमियम के कराधान से छूट, निवेश के लिए अनुमत प्रलेखों की समीक्षा, निक्षेप बीमा निधि में कमी को पूरा करने के लिए आरक्षित निधियन, प्रौद्योगिकी रूप से विकसित डाटा प्रणाली और भुगतान पद्धतियां शामिल हैं।

सुधार और समाधान योजना (आरआरपी)

शुरुआत के तौर पर, सुधार और समाधान योजना (आरआरपी) प्रारंभ में उन वित्तीय संस्थाओं पर लागू होगी, जो यदि विफल होती है, तो प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण है और सभी वित्तीय समूहों / संगुटिकाओं चाहे वे प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण हो या नहीं, उन पर लागू होगी। सुधार और समाधान योजना एक चरणबद्ध रूप से अन्य वित्तीय संस्थाओं पर भी लागू की जाएगी। यह सुधार योजना एक पूर्व अनुमोदित फार्मेट के अनुसार संस्थाओं द्वारा नियमित आधार पर तैयार की जाएगी और उसे संबंधित विनियामकों द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। संस्थाओं के समाधान के लिए अपनाई जाने वाली समाधान रणनीति वाली समाधान योजना संबंधित विनियामकों के परामर्श से संस्था द्वारा तैयार की जाएगी और एफआरए द्वारा अनुमोदित की जाएगी।

समाधान क्षमता सुधारना

व्यापक वित्तीय संस्थाओं के समाधान में आ रही बाधाओं को कम करने के लिए वित्तीय समूहों और विनियामक प्राधिकरणों को समूह संस्थाओं की जटिलता को कम करने के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए और विवेकपूर्ण आंतर-समूह लेनदेन और निवेश (एक्पोजर) सुनिश्चित करना चाहिए। विनियामक / पर्यवेक्षी प्राधिकरणों को एसआईएफआई की समाधान क्षमता को सुधारने के लिए वित्तीय संस्थाओं की कारोबार पद्धतियों और ढ़ाँचे को पुन: संरचित करने जैसे उपाय करने के लिए अधिकार प्रदान करना चाहिए। वित्तीय संगुटिका की समाधान क्षमता को सुधारने के लिए भारतीय वित्तीय प्रणाली में वित्तीय धारित कंपनी ढ़ाँचा लागू करना चाहिए।

डाटाबेस का विकास और उसका प्रबंधन

एक एकीकृत वित्तीय डाटाबेस प्रबंधन केंद्र का गठन किया जाना चाहिए जो एक केंद्रीकृत डाटाबेस के रूप में कार्य करेगा जहाँ सभी वित्तीय संस्थाएं और वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढ़ाँचा नियमित रूप से वित्तीय जानकारी इलेक्ट्रानिक रूप में प्रस्तुत करेगी। पर्यवेक्षी एजेन्सीयों और एफआरए के पास निगमित वित्तीय संस्थाओं से एकत्रित करने के लिए प्राधिकृत डाटा के संबंध में एकीकृत वित्तीय डाटाबेस का एक्सेस होना चाहिए।

संविदाओं / दावों के समंजन और कुल निवल तथा अस्थायी स्थगन के नियम

प्रस्तावित वित्तीय समाधान ढ़ाँचा अथवा वित्तीय संस्थाओं और वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढ़ाँचा को नियंत्रित कर रही मौजूदा संविधि को संविदात्मक समंजन, अंतिम निवल निर्धारण और संपार्श्विक व्यवस्थाओं को लागू करने तथा ग्राहक आस्तियों के पृथक्करण को नियंत्रित करने के लिए स्पष्ट नियम, कानून और पद्धतियां होनी चाहिए। एफआरए को समाधान कार्रवाई का निर्णय लेने में समय देने हेतु केवल किसी फर्म की समाधान की स्थिति में जाने से अल्पावधि स्थगन लागू करने के लिए स्पष्ट परिभाषित विधिक अधिकार होने चाहिए। ऐसे स्थगन से बाजार पर होनेवाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए सामान्यत: स्थगन को दो दिन (48 घंटे) के लिए सीमित रखा जाना चाहिए, तथापि उसे एफआरए द्वारा लिखित में कारण दिए जाने के बाद अधिकतम अतिरिक्त तीन दिनों से बढ़ाया जा सकता हैं। एफआरए को उन आस्तियों का अंतरण करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए जिनपर जमानती ऋणदाताओं का दावा है। इसका अर्थ है कि जमानती ऋणदाताओं के दावे आंशिक संपत्ति अंतरण में आस्तियों से सुरक्षित देयताओं को जमानती देयताओं से अलग नहीं किया जा सकता है।

ऋणदाताओं और जमाकर्ताओं की हिस्सेदारी का अनुक्रम

विफल हुई संस्थाओं की आस्तिओं से प्राप्त वसूलियों के उचित वितरण को ध्यान में रखते हुए स्थापित दावों के अनुक्रम का अनुपालन किया जाना चाहिए। एफआरए को केवल असाधारण परिस्थितियों में पर्याप्त कारण देते हुए एक ही संवर्ग के ऋणदाताओं को समान मानने के सामान्य सिद्धान्त से हटने का लचीलापन दिया जाना चाहिए।

चूंकि भारत में विनियमन और पर्यवेक्षण का अंतिम उद्देश्य जमाकर्ताओं, बीमा पॉलीसी धारकों और निवेशकों की हित की सुरक्षा करना है, वित्तीय समाधान ढ़ाँचे के लिए प्रस्तावित संविधि में विफल हुई वित्तीय संस्थाओं के समाधान में अन्य बेजमानती ऋणदाताओं से पहले जमाकर्ताओं, बीमा पॉलीसी धारकों और निवेशकों को स्पष्ट प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बीमाकृत जमाकर्ताओं को किए गए भुगतान पर बैंकों को बेजमानती जमाकर्ताओं और डीआईसीजीसी के दावों को समान अधिकार दिया जाना चाहिए। इससे यह अपेक्षा है कि डीआईसीजीसी के दावे विफल हुई बैंक के परिसमापनवाली आस्तियों से प्राप्त आय के वितरण की हिस्सेदारी में अन्य गैरबीमाकृत जमाकर्ताओं के समरूप ही होगा।

सीमा- पार सहयोग और सूचना सहभागिता

भारतीय बैंकों के बढ़ते वैश्विक परिचालनों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय संस्थाओं के लिए समाधान व्यवस्था हेतु प्रस्तावित कानून को विदेशी समाधान प्राधिकारियों के साथ मिलकर हल निकालने के लिए एफआरए को समर्थ बनाना चाहिए। भारत के समाधान ढ़ाँचे को एफआरए को विदेशी घरेलू/आयोजक समाधान प्राधिकारियों के साथ विश्वसनीयता और सुरक्षा के अधीन भारतीय वित्तीय संस्थाओं की गैर-सार्वजनिक जानकारी आपस में बाँटनी चाहिए। पर्यवेक्षी कॉलेज का प्रयोग संकट के समाधान हेतु सूचना सहभागिता मंच के लिए भी किया जाना चाहिए। तथापि, इसे संबंधित प्राधिकारियों तथा पर्यवेक्षी कॉलेजों के पक्षों के साथ उठाना चाहिए।

सारांश

कार्यकारी दल की सिफारिशों के कार्यान्वय में सभी प्रकार की वित्तीय संस्थाओं के समाधान को नियंत्रित करनेवाले विधिक ढ़ाँचे में व्यापक सुधार करना शामिल होगा। एफएसएलआरसी ने एक समाधान निगम के गठन की भी सिफारिश की है और इस प्रयोजन के लिए विधिक प्रारूप भी तैयार किया है। कार्यकारी दल और एफएसएलआरसी की रिपोर्ट और अंतर्राष्ट्रीय मानक तैयार करनेवाली निकाईयों द्वारा विकसित दिशा-निर्देश के चलते भारत में समाधान ढ़ाँचे के सुधार के मार्गदर्शन के लिए पर्याप्त कार्य है। जबकि समाधान व्यवस्था पर मार्गदर्शन सामान्यत: बैंकों के लिए अधिक विकसित होता है, यह बीमाकर्ताओं, प्रतिभूतियों अथवा निवेश फर्मों और वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढ़ाँचे के लिए प्रगतिशील रूप से कम होता है। इसके अतिरिक्त, सीमा-पार विषय अभी विकसित हो रहे हैं और उन पर कार्रवाई की जा रही है। अत: विधिक ढ़ाँचा जो विकसित होगा उसे प्रगतिशील रूप से इन संस्थाओं के विनियामक परिदृश्य की गतिविधियों पर ध्यान रखना होगा।

31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष हेतु निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट

(निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के अधीन प्रस्तुत)

भाग I : परिचालन और कार्य पद्धति

1.1 बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण / विपंजीकरण

31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार, पंजीकृत बीमाकृत बैंकों की संख्या 2,145 है, जिसमें 89 वाणिज्यिक बैंक, 58 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), 4 स्थानीय क्षेत्र बैंक (एलएबी) और 1,994 सहकारी बैंक शामिल हैं। 1962 में निक्षेप बीमा योजना के प्रारंभ होने से लेकर अब तक पंजीकृत बैंकों की वर्षवार संख्या ***संलग्नक I*** में तथा सहकारी बैंकों की श्रेणीवार और राज्यवार संख्या दर्शानेवाले विवरण ***संलग्नक II*** में दिए गए हैं। वर्ष 2013-14 के दौरान 6 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 1 वाणिज्यिक बैंक को बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया और 13 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको और 16 सहकारी बैंकों को विपंजीकृत किया गया, जिसके विवरण ***संलग्नक III*** में दिए गए हैं।

1.2 निक्षेप बीमा योजना का विस्तार

इस समय निगम द्वारा उपलब्ध निक्षेप बीमा के अंतर्गत स्थानीय क्षेत्र बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित सभी वाणिज्यिक बैंकों और सभी राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में स्थित सहकारी बैंकों को शामिल किया गया है। तथापि संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप तथा दादरा और नगर हवेली में कोई सहकारी बैंक नहीं है।

1.3 बीमाकृत जमाराशियाँ

वर्ष 2012-13 और 2013-14 के अंत तक निगम द्वारा बीमाकृत खातों की संख्या और जमाराशि की रकम तथा जमाकर्ताओं को दी जाने वाली सुरक्षा की सीमा संबंधी ब्यौरा सारणी 1 में दिया गया है।

निक्षेप बीमा के प्रारंभ से जमाकर्ताओं को प्रदान की गई सुरक्षा की सीमा और पिछले तीन वर्षों के लिए बैंक समूह-वार अलग-अलग आँकड़े क्रमश: ***संलग्नक IV*** और ***V*** में प्रस्तुत किए गए हैं। विभिन्न वर्षों में जमाकर्ताओं को दी गई सुरक्षा की सीमा संबंधी ब्यौरा चार्ट 1 में दिया गया है। वर्ष 2013-14 के दौरान ₹1,00,000 का वर्तमान बीमा कवर का स्तर प्रति व्यक्ति आय का 1.3 गुना है।

1.4 निक्षेप बीमा प्रीमियम

1.4.1 वर्ष 2012-13 और 2013-14 के दौरान बीमाकृत

सारिणी 1: बीमाकृत जमाराशियाँ*

विवरण		वर्ष के अंत में	
		2013-14	**2012-13**
1	खातों की कुल सं. (मिलियन में)	1,370.13	1,481.75
2	पूर्णतया संरक्षित खाते (मिलियन में)	1,267.17	1,393.08
3	1 की तुलना में 2 का प्रतिशत	92.4	94.0
4	निर्धारणीय जमाराशियाँ (₹ बिलियन में)	76,166.40	66,210.60
5	बीमाकृत जमाराशियाँ (₹ बिलियन में)	23,791.52	21,583.65
6	4 की तुलना में 5 का प्रतिशत	31.2	32.6

* पिछले वर्ष के सितंबर के अंतिम कार्यदिवस के रिटर्नों पर आधारित

चार्ट 1 : जमाकर्ताओं को दिए गए सुरक्षा का विस्तार



बैंकों से प्राप्त प्रीमियम (अतिदेय प्रीमियम पर ब्याज सहित) का बैंक श्रेणीवार विवरण सारणी 2 में प्रस्तुत किया गया है। वर्ष के दौरान बैंकों से प्राप्त प्रीमियम (सेवाकर को छोड़कर) में 27.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सारिणी 2 : प्राप्त प्रीमियम

(₹ मिलियन में)

वर्ष	स्थानीय क्षेत्र बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंक	सहकारी बैंक	कुल
2013-14	68,025	5,103	73,128
2012-13	53,019	4,163	57,182

1.4.2 विलंब से प्राप्त प्रीमियम पर दण्डात्मक ब्याज

निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 15 (3) के अनुसार, यदि कोई बीमाकृत बैंक प्रीमियम की किसी भी राशि का भुगतान करने में चूक करता है, तो उसे चूक की उस अवधि के लिए उस राशि पर बैंक दर के अतिरिक्त 8 प्रतिशत से अनधिक की दर, जैसा कि निर्धारित किया जाए, से निगम को ब्याज देना होगा। साथ ही, निबीप्रगानि सामान्य विनियमावली, 1961 की धारा 20 के अनुसार विलंबित प्रिमीयम की किसी राशि पर ब्याज की दर बैंक दर के अतिरिक्त 8 प्रतिशत पर तय की गई है। वर्ष 2013-14 के दौरान बैंक दर 6 बार संशोधित की गई। तदनुसार, समीक्षाधीन अवधि के दौरान दंड स्वरूप ब्याज भी 6 बार संशोधित की गई। बैंक दर और दंड स्वरूप ब्याज दर की गति संबंधी ब्यौरा सारणी 3 में प्रस्तुत किया गया है।

सारणी 3: बैंक दर और दंड स्वरूप ब्याज दर की गति

से	तक	बैंक दर (%)	दंड स्वरूप ब्याज दर (%)
01.04.2013	02.05.2013	8.50	16.50
03.05.2013	14.07.2013	8.25	16.25
15.07.2013	19.09.2013	10.25	18.25
20.09.2013	06.10.2013	9.50	17.50
07.10.2013	28.10.2013	9.00	17.00
29.10.2013	27.01.2014	8.75	16.75
28.01.2014	31.03.2014	9.00	17.00

1.5 निक्षेप बीमा निधि

निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) का प्रमुख स्रोत बीमाकृत बैंकों द्वारा अदा किया गया प्रीमियम और केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों से प्राप्त निवेश आय (और इसके पुनर्निवेश से) है। इसके साथ ही इसमें परिसमापकों / प्रशासकों / अंतरिती बैंकों से वसूल की गई छोटी-छोटी राशि का अंतर्प्रवाह (इनफ्लो) भी होता है। इस प्रकार निगम आयकर भुगतान के बाद प्रतिवर्ष व्यय से ज्यादा आय को अंतरित करके अपनी निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) का निर्माण करता है। इस निधि का उपयोग परिसमापन / पुनर्निमाण / समामेलन आदि के अधीन बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों के निपटान करने के लिए किया जाता है। 31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि का आकार ₹50,683 मिलियन के अधिशेष के सहित (31 मार्च, 2013 के ₹361,203 मिलियन की तुलना में बढ़कर) ₹406,179 मिलियन हो गया है, जिसका आरक्षित अनुपात (बीमित जमाराशि की तुलना में निक्षेप बीमा निधि का अनुपात) 1.7 प्रतिशत है। 2000-01 से आरक्षित अनुपात की प्रवृत्ति दर्शाने वाला चार्ट 2 नीचे प्रस्तुत है।

चार्ट 2 : निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) और आरक्षित अनुपात (आरआर)



1.6 निक्षेप बीमा दावों का निपटान

वर्ष 2013-14 के दौरान, निगम ने 51 सहकारी बैंकों (7 मूल दावे और 98 अनुपूरक दावे) से संबंधित ₹1,031 मिलियन के कुल दावों का निपटान किया जैसा कि ***संलग्नक VI*** में दर्शाया गया है। वाणिज्यिक बैंकों की ओर से कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया गया।

2013-14 के दौरान राज्य-वार निपटाए गए दावों की राशि के साथ-साथ विफल बैंकों की संख्या का विवरण चार्ट 3 में दर्शाया गया है। इसमें गुजरात और महाराष्ट्र के बैंकों के दावों की संख्या अधिक है।

चार्ट 3 : 2013-14 के दौरान राज्य-वार निपटाए गए दावे और विफल बैंकों की संख्या



ऐसे 202 बैंकों के जमाकर्ताओं के संभाव्य दावों की देयताओं के लिए ₹8,076 मिलियन का प्रावधान किया गया है, जो समामेलन / समापनाधीन हैं तथा बैंकिंग कारोबार जारी रखने के लिए जिनका लाइसेंस / लाइसेंस के लिए आवेदनपत्र भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा रद्द / अस्वीकृत कर दिया गया है।

वर्ष 2013-14 के दौरान निगम ने लंबे समय से विचाराधीन दावों के निपटान हेतु, दावों का निपटान करने का प्रयास जारी रखा, हालांकि विधिक मामलों के कारण इसकी प्रक्रिया धीमी रही। 31 मार्च, 2014 को कुल 25 विचाराधीन दावे थे (जहाँ बैंकों को विपंजीकृत किया गया है किंतु निगम में दावा सूची प्रस्तुत नहीं की गई) यद्यपि इसमें 31 मार्च 2013 से अवधिवार संघटन में परिवर्तन हुआ है। (सारणी 4)। वर्ष के दौरान निगम ने हैदराबाद को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि., (मार्च 2006 में विपंजीकृत) जिसे क्रेडिट सोसायटी में परिवर्तित कर दिया गया है, के प्रावधान को रिवर्स कर दिया है। परिसमापनाधीन बैंकों का अवधि-वार विवरण, जहाँ परिसमापक द्वारा निगम को दावा सूची अभी प्रस्तुत करना शेष है, का विवरण सारणी 4 में दिया गया है।

दावा निपटान की औसत अवधि में निर्णायक कमी हुई और यह वर्ष 2012-13 में 27 दिनों से घटकर 2013-14 में 15 दिन हो गई (सारणी 5)।

सारणी 5 : दावों के निपटान में लगने वाली औसत अवधि

वित्तीय वर्ष	दावों के निपटान में लगने वाले औसत दिन
2013-14	15
2012-13	27
2011-12	52
2010-11	49
2009-10	54

1.7 निपटाए गए दावे / प्राप्त चुकौतियाँ (संचयी स्थिति)

31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार, निक्षेप बीमा के आरंभ से 27 वाणिज्यिक बैंकों के संबंध में प्रदत्त और प्रावधानीकृत दावों की संचयी राशि ₹2,959 मिलियन थी (चार्ट 4)। वाणिज्यिक बैंकों के मामले में, परिसमापकों / अंतरिती बैंकों से कुल ₹1,485 मिलियन (वर्ष 2013-14 के दौरान प्राप्त ₹9 मिलियन सहित) की संचयी चुकौतियाँ प्राप्त हुईं।

सारिणी 4 : अवधि-वार अनिर्णीत दावों का विवरण

विचाराधीन दावे	अवधि-वार विवरण				
	10 वर्ष से अधिक पुराने	5-10 वर्ष पुराने	1-5 वर्ष पुराने	1 वर्ष से कम पुराने	दावों की कुल संख्या
मार्च 2014 की स्थिति	8	3	7	7	25
मार्च 2013 की स्थिति	7	5	9	4	25

चार्ट 4 : निपटाए गए दावों तथा वसूली की संचयी राशि
(31 मार्च, 2014 की स्थिति)



योजना के प्रारंभ होने से 323 सहकारी बैंकों से ₹43,117 मिलियन की संचयी राशि (वर्ष 2013-14 के दौरान ₹ 1,031 मिलियन की प्रदत्त राशि सहित) के दावे की राशि का भुगतान/ प्रावधान किया गया। सहकारी बैंकों के मामले में परिसमापकों/ अंतरिती बैंकों से कुल ₹10,633 मिलियन (वर्ष 2013-14 के दौरान प्राप्त ₹2,230 मिलियन सहित) की चुकौतियाँ प्राप्त हुईं। 31 मार्च, 2014 तक बैंकों के दावों के भुगतान / प्रावधान की गई राशि तथा बट्टे खाते में डाली गई राशि और प्राप्त चुकौतियाँ आदि के संबंध में स्थिति का ब्यौरा ***संलग्नक VII*** में दिया गया है।

31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार बैंकों के निपटाए गए दावों के लिए किए गए प्रावधानों को ***संलग्नक VIII*** में दर्शाया गया है। 1999 से निपटाए गए दावों की राशि के साथ-साथ परिसमापित बैंकों की संख्या चार्ट 5 में दर्शाई गई है।

चार्ट 5 : पे-आउट और परिसमापित बैंकों की संख्या



1.8 कोर्ट - मामले

31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार, निगम की निक्षेप बीमा गतिविधियों के संबंध में विभिन्न कोर्टों में विचाराधीन कोर्ट-मामलों की संख्या 196 है, जो 31 मार्च, 2013 को 193 थी। 196 मामलों में से 32 मामले निगम की ओर से दायर किए गए हैं और 164 निगम के विरुद्ध दायर किए गए हैं। न्यायालय-वार अलग-अलग आँकड़े सारणी 6 में दिए गए हैं और चार्ट 6 में दर्शाए गए हैं।

चार्ट 6 : न्यायालय वार अलग-अलग मामले
(31 मार्च, 2014 की स्थिति)



वर्ष 2002-03 से कोर्ट-मामलों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस तरह के मामलों की संख्या 31 मार्च, 2003 के 66 मामले से बढ़कर 31 मार्च, 2014 को 196 हो गई है (सारणी 6)। ऐसा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के अंतर्गत बड़ी संख्या में बैंकों को निदेशों के अंतर्गत रखने अथवा परिसमापन करने के परिणामस्वरूप जमाराशियों को निकालने पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण हुआ है। जमा राशि का भुगतान न मिलने पर असंतुष्ट जमाकर्ता उपभोक्ता न्यायालय में चले जाते हैं और मुकदमा चलाकर निगम को प्रतिवादियों में से एक प्रतिवादी बना देते हैं। कभी-कभी ऐसे मामले बैंकों का परिसमापन होने के पहले अथवा परिसमापक द्वारा दावा सूची प्रस्तुत करने के पहले, जहाँ जमाकर्ताओं को कोई भी राशि देने के लिए निगम उत्तरदायी नहीं है; दाखिल किए जाते हैं। मुख्यत: ये मामले निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 के अंतर्गत अधिकतम स्वीकार्य राशि से अधिक राशि अथवा निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 21 के साथ पठित निबीप्रगानि सामान्य विनियमावली, 1961 के विनियम 22 के अंतर्गत निगम के अधिमान्य चुकौती अधिकार के विरुद्ध विवाद और बैंकों को निदेश आदि के अंतर्गत रखे जाने की स्थिति में दावों के संबंध में दायर किए जाते हैं।

सारणी 6: कोर्ट मामलों की संख्या

मार्च के अंत में	2014	2013	2012	2011	2010	2009	2008	2007	2006	2005	2004	2003
मामलों की सं.	196	193	188	201	174	122	124	128	126	126	89	66

1.9 ऋण गारंटी योजनाएं

31 मार्च, 2014 को कोई भी ऋण (क्रेडिट) संस्था निगम की ऋण गारंटी योजना में सहभागी नहीं थी, और वर्ष 2013-14 के दौरान कोई भी दावा प्राप्त नहीं हुआ। 2003-04 के बाद किसी गारंटी दावे पर गारंटी शुल्क प्राप्त नहीं हुआ तथा किसी दावे का भुगतान नहीं किया गया (***संलग्नक IX***)।

वर्ष 2013-14 के दौरान लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 (एसएलजीएस 1971) के अंतर्गत निगम के प्रत्यासन अधिकार के आधार पर पिछले वर्ष के ₹0.9 मिलियन की तुलना में ₹0.6 मिलियन की कुल वसूली की गई। लघु ऋण (एसएसआई) गारंटी योजना, 1981 (एसएल-(एसएसआई)-जीएस 1981) के अंतर्गत पिछले वर्ष के ₹0.8 मिलियन की तुलना में इस वर्ष ₹1.5 मिलियन की कुल वसूली की गई।

भाग II : हाल में किए गए प्रयास/ गतिविधियाँ

2.1 राज्य सरकार के सहकारी समितियों के पंजीयकों के साथ बैठकें और परिसमापकों के लिए कार्यशाला

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम के कार्यपालक निदेशक की सहकारी समितियों के पंजीयक, महाराष्ट्र सरकार, जिनके अंतर्गत 92 परिसमापित शहरी सहकारी बैंक आते हैं और जिनमें निगम ने जमाकर्ताओं के दावों का निपटान किया है, के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गईं। इस बैठक के दौरान कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे : अवितरित राशि की वापसी न करना, स्टेटमेंट / रिटर्न निगम को प्रस्तुत न करना / विलंब से प्रस्तुत करना, परिसमापन की धीमी प्रक्रिया और परिसमापित शहरी सहकारी बैंकों द्वारा वसूली की गयी राशि में से निगम के हिस्से की राशि की चुकौती न करने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।

तीन केंद्रों अर्थात पुणे, नागपुर और भोपाल में विफल हुई बैंकों के परिसमापकों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गईं। कार्यशाला में उन्हें रिटर्न / स्टेटमेंट समय से प्रस्तुत करने के महत्व से अवगत कराया गया ताकि निगम परिसमापन की प्रक्रिया की निगरानी कर सके। परिसमापकों पर यह भी जोर दिया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अवितरित राशि वापस कर दें तथा परिसमापन की प्रक्रिया के दौरान उनके द्वारा वसूल की गई राशि में से निगम की बकाया राशि की चुकौती करें। इन प्रयासों के फलस्वरूप निगम ने वर्ष 2013-14 के दौरान ₹1,402 मिलियन की राशि की वसूली की। इस वसूली के प्रयास को बनाए रखने के लिए निगम अन्य केंद्रों अर्थात अहमदाबाद, हैदराबाद और बंगलूरू में इस प्रकार की बैठकें और कार्यशालाएं आयोजित करने की योजना बना रहा है।

2.2 एकीकृत लेखांकन सॉफ्टवेयर समाधान परियोजना के लिए सूचना प्रौद्यौगिकी के प्रयास

निगम में वर्तमान में प्रयोग किए जा रहे सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग पूर्ण रूप से एकीकृत नहीं हैं। इसके सॉफटवेयर और हार्डवेयर आधारित मूलभूत सुविधाओं के उन्नयन के लिए निगम के बोर्ड ने एकीकृत अनुप्रयोग सॉफटवेयर प्रणाली को आउट सोर्स करने के निदेश दिए थे। तदनुसार वर्ष के दौरान आवश्यक प्रयास किए गए। प्रौद्योगिकी समिति ने बीपीआर का अध्ययन करने, निगम के लिए उत्कृष्ट प्रणाली का सुझाव देने, प्रणाली का इन्टीग्रेटर का चयन करने और शुरू से अंत तक प्रणाली का संपूर्ण रॉल-आउट का पर्यवेक्षण करने के लिए एक सलाहकार नियुक्त करने का निर्णय लिया। सलाहकार के चयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निगम ने आईएएसएस के लिए अभिरूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) और प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी) में दिए गए मानदण्डों / शर्तों के अधीन अर्नस्ट एण्ड यंग एलएलपी के साथ करार पर हस्ताक्षर किए। सलाहकार ने काम करना शुरू कर दिया है और विभागाध्यक्षों से अन्य बातों के साथ-साथ तुरंत और मध्यम अवधि में किए जानेवाले कार्यों की रणनिति के बारे में भी चर्चा की है। बोर्ड स्तरीय सूचना प्रौद्योगिकी समिति के निदेशों के अनुसार एक समन्वय समिति का गठन किया गया और आईएएसएस के सभी पहलुओं पर संपर्क

करने और उसकी अनुवर्ती कार्रवाई के प्रयोजन के लिए एक नोडल अधिकारी को पदनामित किया गया। उन्हें दी गयी समय अवधि के अनुसार यह अपेक्षा है कि मई 2014 से 15 से 18 महीनों की अवधि में यह काम पूरा कर लिया जाएगा।

2.3 जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि में अंतरित की गयी जमाराशियों को जमाराशि से छूट

बैंकिंग विधि (संशोधित) अधिनियम, 2012 लागू किए जाने के फलस्वरूप बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 में धारा 26ए जोडा गया है जो अन्य बातों के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक को जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि (डीईएएफ) स्थापित करने का अधिकार देता है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने तदनुसार ''जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि योजना 2014'' तैयार की है जिसे 24 मई 2014 को भारत सरकार के वित्त मंत्रलाय के आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित किया गया है। डीआईसीजीसी अधिनियम 1961 की धारा 2(जी) के अनुसार ''जमाराशि'' का अर्थ, छूट दी गयी श्रेणियों को छोड़कर जमाकर्ता को देय अदत्त शेष की कुल राशि है। भारतीय रिज़र्व बैंक चाहता है कि डीईएएफ में अंतरित जमाराशियों को निक्षेप बीमा की अपेक्षाओं से छूट दी जाए। निगम के बोर्ड और भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन से इन जमाराशियों को डीआईसीजीसी अधिनियम 1961 में उल्लिखित ''जमाराशियाँ'' शब्द की परिभाषा से छूट देने का निर्णय लिया गया था। बीमाकृत बैंक ऐसी छूट प्राप्त जमाराशियों पर निगम को प्रीमियम अदा करने के लिए बाध्य नहीं होंगे। यह छूट लागू होने से डीईएएफ को अंतरित जमाराशियों को ''गैर बीमाकृत'' माना जाएगा और इसीलिए ऐसी जमाराशियों पर डीआईसीजीसी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

2.4 वित्तीय संस्थाओं के लिए समाधान व्यवस्था

भारत में विपदाग्रस्त वित्तीय संस्थाओं के लिए एक प्रभावी और विश्वसनीय समाधान संरचना की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप-समिति के संरक्षण में एक कार्यकारी दल (श्री आनंद सिन्हा : अध्यक्ष और डॉ. अरविंद मायाराम: सह अध्यक्ष) का गठन किया है । इस दल का कार्य भारतीय वित्तीय संस्थाओं के ढाँचे को ध्यान में रखते हुए, समाधान व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए उपाय सुझाना था। इस कार्यकारी दल ने अपनी रिपोर्ट जनवरी 2014 में प्रस्तुत की है। कार्यकारी दल के कुछ प्रमुख सुझाव निम्नानुसार है: (i) वित्तीस समाधान प्राधिकरण द्वारा आवश्यक माने गए अनुसार संबंधित वित्तीय क्षेत्र नियंत्रकों के समन्वय / सहयोग से सभी वित्तीय संस्थाओं और एफएमआई के समाधान के लिए विधि के अंर्तगत अधिदेशित एक अलग वित्तीय समाधान प्राधिकरण (एफआरए) की जरूरत है; (ii) एक अलग संस्था के रूप में वित्तीय समाधान प्राधिकरण का गठन वर्तमान निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) को वित्तीय समाधान प्राधिकरण में बदलकर अथवा एक नई संस्था अर्थात वित्तीय समाधान प्राधिकरण का गठन डीआईसीजीसी को शामिल करते हुए किया जा सकता है; और (iii) वित्तीय समाधान प्राधिकरण के पास परिसमापन; क्रय और धारण; संपर्क संस्था; सुदृढ़ बैंक और दोषपूर्ण बैंक; जमानती और अस्थायी जन स्वामित्व जैसी प्रस्तावित संविधान द्वारा अधिदेशित विभिन्न समाधान के उपाय होने चाहिए जिसे वित्तीय संस्था का समाधान करने और उसके महत्वपूर्ण कार्यो को संरक्षित करने के लिए एकल अथवा सामूहिक रूप से उसका प्रयोग लचीलेपन से किया जा सके।

भाग III : लेखा विवरण[1]

3.1 बीमा देयताएं

(क) वर्ष 2013-14 के दौरान, बीमा दावों के रूप में ₹1,030.92 मिलियन (पिछले वर्ष ₹1,997.67 मिलियन) का भुगतान किया गया, जो 48.4 प्रतिशत की कमी दर्शाता है। 31 मार्च, 2014 के अनुसार बकाया निक्षेप बीमा दावों के रूप में सुनिश्चित देयताएं ₹3,921.26 मिलियन (₹9,053.29 मिलियन) अनुमानित की गई थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 56.69 प्रतिशत की कमी दर्शाती हैं।

(ख) समीक्षाधीन वर्ष के अंत में **निधिशेष (अर्थात् बीमांकिक देयता)** अनुमोदित बीमांकक मेसर्स के. ए. पंडित एंड कं. के निर्धारण के अनुसार ₹50,683.40 मिलियन (₹52,649.60 मिलियन) रहा।

(ग) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) के संबंध में कोई संभाव्य दावा देयता नहीं है।

[1] कोष्टक में दिए गए आँकडे पिछले वर्ष के हैं।

3.2 वर्ष के दौरान राजस्व

(क) वर्ष 2013-14 के दौरान, **निक्षेप बीमा निधि में कर-पूर्व राजस्व अधिशेष** पिछले वर्ष ₹86,265.24 मिलियन था, इसमें ₹5,258.13 मिलियन की वृद्धि हुई और अब यह ₹91,523.37 मिलियन हो गया अर्थात् लगभग 6.10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसका प्रमुख कारण प्रीमियम आय में ₹15,945.59 मिलियन की वृद्धि, निवेशों से होने वाली आय में ₹6,222.44 मिलियन की वृद्धि, वसूली में हुई ₹108.05 मिलियन की वृद्धि, आयकर वापसी संबंधि ब्याज में ₹862.50 मिलियन की वृद्धि, राजस्व के रूप में प्रभारित (चार्ज्ड) निवल बीमांकिक देयता में ₹6,938.20 मिलियन की कमी और निवल दावों में ₹5,137.28 मिलियन की कमी जिसे वर्ष के दौरान ₹21,520.29 मिलियन के निवेश के मूल्य में मूल्यह्रास से समंजन (आफसेट) किया गया (पिछले वर्ष के ₹8,435.69 मिलियन के निवेश के मूल्य में मूल्यह्रास का प्रतिलेखन है)।

(ख) वर्ष 2013-14 के दौरान **ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) में कर-पूर्व राजस्व अधिशेष** में पिछले वर्ष की तुलना में ₹248.70 मिलियन अर्थात् 67.11 प्रतिशत की कमी हुई तथा यह पिछले वर्ष के ₹370.61 मिलियन की तुलना में ₹121.91 मिलियन हो गया। यह कमी प्रमुख रूप से वर्ष के दौरान निवेशों के मूल्य में ₹178.80 मिलियन का मूल्यह्रास (पिछले वर्ष के ₹88.64 मिलियन के मूल्यह्रास के प्रतिलेखन) के कारण हुई है।

(ग) समीक्षाधीन वर्ष के दौरान **सामान्य निधि में कर - पूर्व राजस्व अधिशेष** पिछले वर्ष के ₹397.89 मिलियन की तुलना में काफी कमी अर्थात् ₹218.38 मिलियन रहा। इस कमी का प्रमुख कारण पिछले वर्ष की तुलना में निवेशों से होने वाली आय में ₹88.21 मिलियन की कमी, स्टाफ पर खर्च में ₹10.94 मिलियन की वृद्धि और निवेशों के मूल्यह्रास के रूप में ₹79.42 मिलियन का प्रतिलेखन रहा है।

3.3 संचित अधिशेष

31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) में संचित अधिशेष / आरक्षित निधि (कर के बाद) क्रमश: ₹355,495.85 मिलियन (₹308,553.81 मिलियन), ₹3,539.93 मिलियन (₹3,250.95 मिलियन) तथा ₹4,657.39 मिलियन (₹4,573.30 मिलियन) था।

3.4 निवेश

वर्ष के अंत में तीनों निधियों अर्थात् निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) में निवेशों का बही मूल्य (लागत पर) क्रमश: ₹444,775.61 मिलियन (₹374,992.06 मिलियन), ₹4,200.63 मिलियन (₹3,941.86 मिलियन) और ₹5,559.99 मिलियन (₹5,455.01 मिलियन) रहा है। 31 मार्च, 2014 को उक्त तीनों निधियों अर्थात् निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) की दिनांकित प्रतिभूतियों के मूल्य में संचित मूल्यह्रास क्रमश: ₹26,747.25 मिलियन (₹5,226.96 मिलियन); ₹585.36 मिलियन (₹406.56 मिलियन) तथा ₹381.48 मिलियन (₹466.78 मिलियन) था। निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) और ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) के निवेशों के मूल्यह्रास में वृद्धि के कारण निवेश रिज़र्व में वृद्धि हुई है।

3.5 कराधान

3.5.1 आयकर

31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) के अग्रिम आयकर खाते में संचित शेष क्रमश: ₹108,880.77 मिलियन (₹90,152.58 मिलियन), ₹375.38 मिलियन (₹447.0 मिलियन) और ₹365.90 मिलियन (₹364.19 मिलियन) है। इसी तारीख को निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) के कराधान खाते में प्रावधान के लिए संचित शेष क्रमश: ₹98,987.92 मिलियन (₹80,640.13 मिलियन); ₹279.92 मिलियन (₹551.68 मिलियन) तथा ₹258.46 मिलियन (₹184.57 मिलियन) था।

3.5.2 सेवाकर

भारत सरकार ने निगम द्वारा एकत्रित प्रीमियम पर सितंबर, 2011 से सेवाकर लगाया है। निगम ने सेवाकर संबंधी पंजीकरण कराया है तथा निगम ने 1 अक्तूबर, 2011 से देय प्रीमियम पर सेवाकर अदा करना प्रारंभ कर दिया है। सरकार को अदा किए गए अधिक सेवाकर की राशि को सेवाकर वापसी योग्य (रिफंडेबल) खाते में प्रदर्शित किया गया है। वर्ष 2013-14 में वापसी योग्य कुल राशि ₹982.43 मिलियन रही, जो वर्ष 2013-14 में ₹625.02 मिलियन, वर्ष 2012-13 में ₹139.03 मिलियन तथा वर्ष 2011-12 में ₹218.38 मिलियन थी।

भाग IV : खजाना परिचालन

4.1 डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 25 के अनुसार निगम अपनी अधिशेष (सरप्लस) राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश करता है। 31 मार्च, 2014 को निगम के निवेश पोर्टफोलियो का कुल आकार ₹454,54 बिलियन रहा। इस प्रकार इसमें पिछले वर्ष की तुलना में ₹70.15 बिलियन (18.25 प्रतिशत) की कुल वृद्धि प्रदर्शित हुई। वर्ष के दौरान प्राप्तियों के आधार पर पोर्टफोलियो से उत्पन्न कूपन प्रतिलाभ 7.92 प्रतिशत रहा। निवेश में मूल्यह्रास को समायोजित करने के उपरांत वर्ष 2013-14 का पोर्टफोलियो का सावधि भारित औसत रिटर्न 2.13 प्रतिशत रहा।

4.2 केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन भारतीय व्युत्पन्नी संघ नियत आय मुद्रा बाज़ार (फिम्डा) द्वारा प्रकाशित मॉडल मूल्य के आधार पर किया जाता है। यद्यपि मूल्यवृद्धि (ऐप्रीसिएशन) को नजरंदाज कर दिया गया है तथापि मूल्यह्रास के लिए पूरी तरह प्रावधान किया गया है तथा इसे निवेश आरक्षित निधि (आईआर) के अंतर्गत बुक किया गया है। 31 मार्च, 2014 को निवेश आरक्षित निधि (आईआर) का शेष (बैलेंस) ₹27.71 बिलियन था। साथ ही, निगम बाजार जोखिम से बचाव के लिए निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधि (आईएफआर) अनुरक्षित करता है। 31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधि (आईएफआर) के जोखिम मूल्य (वीएआर) और मानकीकृत अवधि पद्धति (₹16.52 बिलियन) दोनों से परिकलित बाजार जोखिम की मात्रा उच्चतर होने के कारण ₹28.95 बिलियन की राशि अनुरक्षित थी।

भाग V : संगठनात्मक मामले

5.1 निदेशक मंडल

निगम की सामान्य निगरानी, निदेश तथा कार्यों और कारोबार का प्रबंधन निदेशक बोर्ड में निहित है, जो सभी शक्तियों का प्रयोग करता है और ऐसे सभी कार्य व कारोबार करता है, जो निगम कर सकता है।

5.1.1 डीआईसीजीसी सामान्य विनियमावली, 1961 के विनियम 6 के अनुसार निगम के निदेशक बोर्ड से अपेक्षित है कि वह समान्यत: प्रत्येक वर्ष में प्रति तिमाही एक बैठक आयोजित करें। 31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के दौरान बोर्ड की चार बैठकें आयोजित की गईं।

5.1.2 निदेशकों का नामांकन/सेवानिवृत्ति

डॉ. प्रकाश बक्शी बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल की अवधि की समाप्ति पर 30 सितंबर 2013 को बोर्ड के निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए।

5.2 बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति का निम्नानुसार पुनर्गठन किया गया:

1.	श्री कमलेश एस.विकमसे	अध्यक्ष
2.	डॉ. शशांक सक्सेना	भारत सरकार द्वारा नामिती निदेशक
3.	श्री बी.एल.पटवर्धन	निदेशक
4.	श्री जसबीर सिंह	निदेशक

31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के दौरान बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं।

5.2.1 सूचना प्रौद्योगिकी समिति

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संबंधी मामलों में दिशानिर्देश के लिए दिसंबर 2011 में बोर्ड-स्तरीय उप-समिति का गठन किया गया। 31 मार्च 2014 को इसकी संरचना निम्नानुसार है :

1.	प्रो. जी.शिवकुमार	अध्यक्ष
2.	श्री कमलेश एस. विकमसे	सदस्य
3.	श्री जी.गोपालकृष्ण	सदस्य
4.	श्री जसबीर सिंह	सदस्य
5.	डॉ. ए.एस.रामशास्त्री	आमंत्रित

31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के दौरान आईटी समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं।

5.3 आंतरिक नियंत्रण

5.3.1 बजट नियंत्रण

निगम ने अपने राजस्व और व्यय पर नियंत्रण के लिए अपनी तीन निधियों, अर्थात् निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) और सामान्य निधि (जीएफ) के अंतर्गत नियंत्रण प्रणाली स्थापित की है। निगम द्वारा निक्षेप बीमा निधि और सामान्य निधि के अंतर्गत व्यय का वार्षिक बज़ट तैयार किया जाता है, जो विविध मानदंडों परआधारित है जैसे कि बीमाकृत बैंकों का लाईसेंस रद्द करना/परिसमापन करना, स्टाफ और स्थापना से संबंधित भुगतान आदि। प्रत्येक लेखा वर्ष के पूर्व बजट को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया

जाता है। तीनों निधियों के अंतर्गत होने वाली प्राप्तियाँ अर्थात् प्रीमियम प्राप्तियाँ, वसूलियाँ और निवेश आय से संबंधी अनुमानों को भी बजट में सम्मिलित किया जाता है। बज़ट किए गए व्यय और प्राप्तियों की तुलना में वास्तविक व्यय/प्राप्ति की हर तिमाही में समीक्षा की जाती है।

5.3.2 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए)

भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षण विभाग ने 17 जून 2013 से 03 जुलाई 2013 तक निगम का जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) का आयोजन किया। लेखा परीक्षा रिपोर्ट में निगम द्वारा किए जा रहे कार्य के साथ-साथ सूचना प्रणाली के संबंध में टिप्पणी थी। लेखापरीक्षा रिपोर्ट में केवल उच्च (एच), मध्यम (एम), निम्न (एल) और सकारात्मक स्थिति (एपी) को शामिल किया गया था। जोखिम आधारित लेखापरीक्षा के 54 पैराग्राफों को कार्यात्मक श्रेणी में और 11 पैराग्राफों को सूचना प्रणाली से संबंधित श्रेणी में रखा गया। कार्यात्मक क्षेत्र और सूचना प्रणाली से संबंधित लेखापरीक्षा के सभी पैराग्राफों का अनुपालन किया गया।

5.3.3 समवर्ती लेखापरीक्षा

निगम ने अपने सभी परिचालनों के लिए वर्ष 2004 - 05 से सनदी लेखाकार की एक फर्म द्वारा समवर्ती लेखापरीक्षा (ऑनसाइट की प्रणाली प्रारंभ की है। लेखा परीक्षा के मासिक अनुपालन निष्कर्षों को लेखापरीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं। निगम ने वर्ष 2014-15 के लिए मेसर्स बोरकर एंड मज़ुमदार को समवर्ती लेखापरीक्षा के लिए नियुक्त किया है।

5.3.4 नियंत्रण स्वमूल्यांकन लेखापरीक्षा (सीएसएए)

निगम ने एक अतिरिक्त नियंत्रण स्वमूल्यांकन लेखापरीक्षा (सीएसएए) प्रणाली (समकक्ष समीक्षा) प्रारंभ की है, जिसके द्वारा निगम के अधिकारियों से अपेक्षित है कि वे ऐसे क्षेत्रों में, जिनसे वे कार्यकारी तौर पर संबद्ध नहीं हैं, की लेखापरीक्षा जाँच करें और महाप्रबंधक को इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। दिसंबर 2013 को समाप्त छमाही के लिए सीएसएए अभी जारी हैं।

5.4 प्रशिक्षण और कौशल विकास

अपने मानव संसाधन कौशल को अद्यतन रखने हेतु निगम अपने स्टाफ को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सेमिनारों, सम्मेलनों और कार्यशालाओं के लिए प्रतिनियुक्त करता है। इन कार्यक्रमों को अधिकतर भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों, भारत और विदेश के विख्यात संस्थानों, जमा बीमाकर्ताओं का अंतरराष्ट्रीय संघ (आईएडीआई) और अन्य विदेशी निक्षेप बीमा संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 2013-14 के दौरान 39 अधिकारियों, 9 श्रेणी III के स्टाफ और 5 श्रेणी IV के स्टाफ सहित कुल 53 कर्मचारियों को भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों और भारत में बाह्य प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रतिनियुक्त किया गया। इसके आलावा जमा बीमाकर्ताओं का अंतर्राष्ट्रीय संघ (आईएडीआई) तथा अन्य विदेशी निक्षेप बीमा संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम / सम्मेलन में भाग लेने के लिए 10 अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया।

5.5 स्टाफ संख्या

निगम में संपूर्ण स्टाफ भारतीय रिज़र्व बैंक से प्रतिनियुक्ति पर है। निगम की कुल स्टाफ संख्या 31 मार्च, 2013 को 84 की तुलना में 31 मार्च, 2014 को घटकर 79 हो गई। उनका श्रेणीवार विवरण निम्नलिखित है :

कुल स्टाफ में, श्रेणी I में 52 प्रतिशत, श्रेणी III में 28 प्रतिशत और शेष 20 प्रतिशत श्रेणी IV में है। 31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार कुल स्टाफ में 16.5 प्रतिशत अनुसूचित जाति और 5.1 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति का है (सारिणी 7)।

सारिणी 7: स्टाफ की श्रेणी-वार स्थिति

श्रेणी	संख्या	जिसमें		प्रतिशत (%)	
		अजा	अजजा	अजा	अजजा
1	2	3	4	5	6
श्रेणी I	41	7	3	17.0	7.3
श्रेणी III	22	2	-	9.0	-
श्रेणी IV	16	4	1	25.0	6.3
कुल	79	13	4	16.5	5.1

अजा -अनसुचित जाति अजजा - अनुसूचित जनजाति

5.6 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

भारत सरकार ने जून 2005 को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 अधिनियमित किया । यह अधिनियम

12 अक्तूबर, 2005 से लागू हुआ। अधिनियम में परिभाषित सार्वजनिक प्राधिकरण होने के नाते निगम जनता को जानकारी प्रदान करने के लिए बाध्य है। वर्ष 2013-14 के दौरान कुल 20 अनुरोधों का निपटान किया गया जिसमें से 1 मामले को अपीलीय प्राधिकारी के अंतर्गत निपटाया गया।

5.7 हिंदी का प्रगामी प्रयोग

वर्ष 2013-14 के दौरान, निगम ने हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का अपना प्रयास जारी रखा। निगम द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। निगम के प्रधान कार्यालय को राजभाषा नियमावली 1976 के नियम 10(4) के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। निगम हिंदी के प्रयोग संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट तैयार करता है। निगम प्रतिवर्ष ''हिंदी पखवाड़ा'' भी आयोजित करता है। सितम्बर 2013 के पहले और दूसरे सप्ताह में आयोजित ''हिंदी पखवाड़ा'' में प्रतियोगिताओं सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए और हिंदी दिवस का समापन समारोह कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। निगम के दैनिक कार्यकलाप में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने और उसकी निगरानी के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की नियमित तिमाही बैठकें होती हैं।

5.8 निगम में ग्राहक सेवा कक्ष

निगम एक सार्वजनिक संस्था है और इसका मुख्य कार्य विफल बीमाकृत बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों का निपटान करना है। निगम के विरुद्ध जनता से प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए निगम में एक ग्राहक सेवा कक्ष स्थापित किया गया है।

5.9 आईएडीआई में भूमिका

5.9.1 श्री जसबीर सिंह, कार्यपालक निदेशक, ने मई 2013 में सेओल, कोरिया में संपन्न 11वीं एशिया पॅसिफिक क्षेत्रीय समिति (एपीआरसी), की वार्षिक बैठक और आईएडीआई के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, नवंबर 2013 में बुनोस आयर्स, आर्जेंटिना में आयोजित आईएडीआई की 12वीं वार्षिक सामान्य बैठक तथा वार्षिक सामान्य सम्मेलन और फरवरी 2014 में आईएडीआई की बासेल, स्वित्झलैंड में आयोजित कार्यपालक परिषद में भाग लिया।

5.9.2 डीआईसीजीसी आईएडीआई द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों / कार्यशालाओं में भाग लेकर सहयोग प्रदान करता रहा है। वर्ष 2013-14 के दौरान आईएडीआई द्वारा आयोजित सेओल, कोरिया; मकाई सीटी, फिलिपिन्स; वार्सा, पोलंड और बुनोस आयर्स, आर्जेंटिना में आयोजित कार्यक्रमों को सहयोग प्रदान किया।

5.10 मूल सिध्दांतों में संशोधन हेतु आईएडीआई की संचालन समिति की बैठक

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) ने मूल सिध्दांतों के संशोधन पर जमा बीमाकर्ताओं का अंतर्राष्ट्रीय संघ (आईएडीआई) की संचालन समिति की छठवीं बैठक आयोजित की। उक्त बैठक 10 से 12 दिसंबर 2013 तक मुंबई, भारत में आयोजित की गई। बैठक में 18 देशों के 25 प्रमुख कार्यपालक अधिकारियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डीआईसीजीसी के अध्यक्ष डॉ ऊर्जित पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डीआईसीजीसी के कार्यपालक निदेशक श्री जसबीर सिंह ने 'टूवर्डस कन्सोलिडेटिंग रेजोल्यूशन इन्फ्रास्ट्रचर' विषय पर प्रस्तुतीकरण किया। डीआईसीजीसी की निदेशक श्रीमती कुमुदिनी हाजरा संचालन समिति की सदस्या है।

प्रभावी निक्षेप बीमा प्रणालीयों के लिए मूल सिध्दांत जून 2009 में आईएडीआई और बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासेल समिति द्वारा जारी किया गया था। उसके लागू किए जाने के बाद से मूल सिध्दांतों के प्रयोग से प्राप्त अनुभव और अंतर्राष्ट्रीय विनियामक गतिविधियों ने मूल सिध्दातों को अद्यतन बनाने और संशोधित करने के आवश्यक क्षेत्रों को दर्शाया। फरवरी 2013 में आईएडीआई ने मूल सिध्दातों की समीक्षा करने और उसे अद्यतन बनाने तथा प्रस्तावित संशोधनों को विकसित करने के लिए एक आंतरिक संचालन समिति का गठन किया। मुंबई में आयोजित बैठक में संचालन समिति ने संशोधनों को अंतिम रूप दिया जिसे बीसीबीएस-आईएडीआई के कार्यकारी समूह में प्रस्तुत किया जाएगा। इस समूह में जमा बीमाकर्ताओं का युरोपीय मंच (ईएफडीआई), युरोपीय कमीशन (ईसी), एफएसबी, आईएमएफ और विश्व बैंक इसके प्रतिनिधि हैं। मूल सिध्दातों का पूर्ण संशोधन 2014 के अंत तक जारी होने की संभावना है।

5.11 लेखापरीक्षक

निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 29(1) के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन से मेसर्स सारडा एंड पारीक, सनदी लेखाकार, मुंबई को वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए निगम के लेखापरीक्षक के रूप में पुर्ननियुक्त किया गया।

परिचालनात्मक दक्षता बनाए रखने के लिए बोर्ड निगम के स्टाफ द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करता है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
मुंबई



(ऊर्जित आर. पटेल)
अध्यक्ष

दिनांक: 17 जून, 2014

संलग्नक।

निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत सम्मिलित बैंकों की संख्या

वर्ष/अवधि	वर्ष/अवधि के प्रारंभ में	वर्ष/अवधि के दौरान पंजीकृत	वर्ष/अवधि के दौरान ऐसे विपंजीकृत बैंक, जहाँ निगम की देयता			वर्ष/अवधि के अंत में पंजीकृत (2+3-6)
			विद्यमान थी	विद्यमान नहीं थी	कुल (4+5)	
1	2	3	4	5	6	7
2013-14	2,167	7	16	13	29	2,145
2012-13	2,199	12	12	32	44	2,167
2011-12	2,217	7	11	14	25	2,199
2010-11	2,249	3	22	13	35	2,217
2009-10	2,307	10	26	42	68	2,249
2008-09	2,356	13	33	29	62	2,307
2007-08	2,392	10	18	28	46	2,356
2006-07	2,531	46	24	161	185	2,392
2005-06	2,547	3	17	2	19	2,531
2004-05	2,595	3	47	4	51	2,547
2003-04	2,629	9	39	4	43	2,595
2002-03	2,715	10	29	7	36	2,629*
2001-02	2,728	15	18	10	28	2,715
2000-01	2,676	62	9	1	10	2,728
1999-2000	2,583	103	8	2	10	2,676
1998-99	2,438	149	4	0	4	2,583
1997-98	2,296	145	1	2	3	2,438
1996-97	2,122	176	1	1	2	2,296
1995-96	2,025	99	1	1	2	2,122
1994-95	1,990	36	0	1	1	2,025
1993-94	1,931	63	1	3	4	1,990
1992-93	1,931	3	2	1	3	1,931
1991-92	1,922	14	2	3	5	1,931
1990-91	1,921	8	5	2	7	1,922
1986 से 1990 तक	1,837	102	8	10	18	1,921
1981 से 1985 तक	1,582	280	8	17	25	1,837
1976 से 1980 तक	611	995	9	15	24	1,582
1971 से 1975 तक	83	544	0	16	16	611
1966 से 1970 तक	109	1	5	22	27	83
1963 से 1965 तक	276	1	7	161	168	109
1962	287	0	2	9	11	276

*पिछले वर्षों में 60 बैंक विपंजीकृत किए गए परंतु उन्हें संबंधित वर्षों में नहीं गिना गया।

संलग्नक II

ए. बीमाकृत बैंक - श्रेणीवार

वर्ष (माह मार्च की समाप्ति पर)	बीमाकृत बैंकों की संख्या				
	वाणिज्यिक बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	स्थानीय क्षेत्र बैंक	सहकारी बैंक	कुल
2013-14	89	58	4	1,994	2,145
2012-13	89	67	4	2,007	2,167
2011-12	87	82	4	2,026	2,199

बी. बीमाकृत सहकारी बैंक - राज्यवार

(मार्च 2014 के अंत की स्थिति के अनुसार)

क्रम सं.	राज्य / संघशासित क्षेत्र	अपेक्स	केंद्रीय	प्राथमिक	कुल
1	आंध्र प्रदेश	1	22	102	125
2	असम	1	0	8	9
3	अरुणांचल प्रदेश	1	0	0	1
4	बिहार	1	22	4	27
5	छत्तीसगढ़	1	6	12	19
6	गोवा	1	0	6	7
7	गुजरात	1	18	229	248
8	हरियाणा	1	19	7	27
9	हिमांचल प्रदेश	1	2	5	8
10	जम्मू और कश्मीर	1	3	4	8
11	झारखंड	0	8	2	10
12	कर्नाटक	1	21	266	288
13	केरल	1	14	60	75
14	मध्य प्रदेश	1	38	51	90
15	महाराष्ट्र	1	31	512	544
16	मणिपुर	1	0	3	4
17	मेघालय	1	0	3	4
18	मिजोरम	1	0	1	2
19	नागालैंड	1	0	0	1
20	ओड़ीसा	1	17	10	28
21	पंजाब	1	20	4	25
22	राजस्थान	1	29	38	68
23	सिक्किम	1	0	1	2
24	तमिलनाडु	1	24	129	154
25	त्रिपुरा	1	0	1	2
26	उत्तर प्रदेश	1	50	69	120
27	उत्तराखंड	1	10	5	16
28	पश्चिम बंगाल	1	17	44	62
संघशासित क्षेत्र					
1	एनसीटी दिल्ली	1	0	15	16
2	अंदमान और नीकोबार द्वीपसमूह	1	0	0	1
3	दमन और दीव	0	0	0	0
4	पुडुचेरी	1	0	1	2
5	चंडीगढ़	1	0	0	1
कुल		**31**	**371**	**1,590**	**1,994**

संलग्नक - III

वर्ष 2013-14 के दौरान पंजीकृत / विपंजीकृत बैंक

बैंक का प्रकार/राज्य	क्रम सं.	बैंक का नाम
ए. **पंजीकृत (07)**		
वाणिज्यिक बैंक (01)	1	भारतीय महिला बैंक, नई दिल्ली
सहकारी बैंक (0)	कुछ नहीं	
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (06)	1	पूर्वांचल बैंक, उत्तर प्रदेश
	2	ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यव्रत, उत्तर प्रदेश
	3	केरल ग्रामीण बैंक, मल्लापूरम, केरल
	4	प्रगति कृष्ण ग्रामीण बैंक, कर्नाटक
	5	छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, रायपुर, छत्तीसगढ़
	6	सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, हरियाणा
बी. **विपंजीकृत (29)**		
वाणिज्यिक बैंक (0)	कुछ नहीं	
सहकारी बैंक (16)		
आंध्र प्रदेश (01)	1	दि श्रीकाकुलम को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि., श्रीकाकुलम
गुजरात (05)	1	बयाद नागरिक सहकारी बैंक लि., गुजरात
	2	पार्श्वनाथ को-ऑपरेटिव बैंक लि., अहमदाबाद, गुजरात
	3	सिटी को-ऑपरेटिव बैंक लि., सूरत, गुजरात
	4	उधना सिटीजन को-ऑपरेटिव बैंक लि., सूरत, गुजरात
	5	म्युनिसिपल को-ऑपरेटिव बैंक लि., अहमदाबाद, गुजरात
कर्नाटक (01)	1	कर्नाटक राज्य कैगारीका सहकारी बैंक नियमिता, कर्नाटक
महाराष्ट्र (05)	1	अर्जुन अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि., सोलापूर, महाराष्ट्र
	2	महात्मा फुले अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि., बीड, महाराष्ट्र
	3	श्री सिध्दीविनायक नागरी सहकारी बैंक लि., रायगढ़, महाराष्ट्र
	4	कोंकण प्रांत सहकारी बैंक लि, गिरगांव, मुंबई
	5	विश्वकर्मा नागरी सहकारी बैंक मर्यादित, औरंगाबाद, महाराष्ट्र

संलग्नक - III *(समाप्त)*

बैंक का प्रकार/राज्य	क्रम सं.	बैंक का नाम
ओड़ीसा (01)	1	अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि., भुवनेश्वर, ओड़ीसा
राजस्थान (01)	1	वैशाली अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि., जयपुर, राजस्थान
पश्चिम बंगाल (02)	1	कसूंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लि., हावड़ा, पश्चिम बंगाल
	2	एवीबी एम्पालाईज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी ऑण्ड बैंक लि., दुर्गापूर, पश्चिम बंगाल
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (13)	1	श्रेयस ग्रामीण बैंक, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
	2	पूर्वांचल ग्रामीण बैंक, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश
	3	आर्यव्रत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
	4	बालिया- इटावा ग्रामीण बैंक, उत्तर प्रदेश
	5	सुरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, छत्तिसगढ़
	6	दुर्ग राजनंदगांव ग्रामीण बैंक, मध्य प्रदेश
	7	छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, छत्तिसगढ़
	8	नॉर्थ मलाबार ग्रामीण बैंक, केरल
	9	साउथ मलाबार ग्रामीण बैंक, केरल
	10	प्रगति ग्रामीण बैंक, बेल्लारी, कर्नाटक
	11	कृष्णा ग्रामीण बैंक, गुलबर्ग, कर्नाटक
	12	गुड़गांव ग्रामीण बैंक, हरियाणा
	13	हरियाणा ग्रामीण बैंक, हरियाणा

संलग्नक - IV

जमाराशि की सुरक्षा की सीमा

वर्ष	पूर्णतः संरक्षित खातों की संख्या (मिलियन में) *	खातों की कुल संख्या (मिलियन में)	कुल खातों की तुलना में पूर्णतः संरक्षित खातों का प्रतिशत	बीमित जमाराशि * (बिलियन ₹ में)	कुल निर्धारणीय जमाराशि (बिलियन ₹ में)	कुल जमाराशि की तुलना में बीमाकृत जमाराशि का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
2013-14	1,267	1,370	92.4	23,792	76,166	31.2
2012-13	1,393	1,482	94.0	21,584	66,211	32.6
2011-12	996	1,073	92.8	19,043	57,674	33.0
2010-11	977	1,052	92.9	17,358	49,524	35.1
2009-10	1,267	1,424	89.0	16,824	45,880	36.7
2008-09	1,204	1,349	89.3	19,090	33,986	56.2
2007-08	962	1,039	92.6	18,051	29,848	60.5
2006-07	683	717	95.3	13,726	23,444	58.5
2005-06	506	537	94.1	10,530	17,909	58.8
2004-05	620	650	95.4	9,914	16,198	61.2
2003-04	519	544	95.4	8,709	13,183	66.1
2002-03	578	600	96.3	8,289	12,132	68.3
2001-02	464	482	96.4	6,741	9,688	69.6
2000-01	432	446	96.9	5,724	8,063	71.0
1999-00	430	442	97.4	4,986	7,041	70.8
1998-99	454	464	97.9	4,396	6,100	72.1
1997-98	371	411	90.4	3,705	4,923	75.3
1996-97	427	435	98.2	3,377	4,507	74.9
1995-96	482	487	99.0	2,956	3,921	75.4
1994-95	496	499	99.2	2,667	3,641	73.3
1993-94	350	353	99.1	1,684	2,490	67.6
1992-93	340	354	95.8	1,645	2,444	67.3
1991-92	317	329	96.4	1,279	1,863	68.7
1990-91	298	309	96.5	1,093	1,569	69.7
1962	6	7	78.5	4	17	23.1

* खातों की संख्या, जिनमें शेषराशियाँ 1 जनवरी 1962 के बाद से ₹1,500; 1 जनवरी 1968 के बाद से ₹5,000; 1 अप्रैल 1970 के बाद से ₹10,000; 1 जनवरी 1976 के बाद से ₹20,000; 1 जुलाई 1980 के बाद से ₹30,000 तथा 1 मई 1993 के बाद से ₹1,00,000 से अधिक नहीं थीं।

नोट : 2009-10 से प्रदर्शित आँकड़े नए फार्मेट के अनुसार हैं।

संलग्नक - V

जमाराशि की सुरक्षा की सीमा : बैंक श्रेणीवार जमाराशियाँ

वर्ष	बैंकों की श्रेणी	बीमाकृत बैंक (संख्या)	बीमाकृत जमाराशियाँ (बिलियन ₹ में)	निर्धारणीय जमाराशियाँ (बिलियन ₹ में)	कुल निर्धारणीय जमाराशियों की तुलना में बीमाकृत जमाराशियों का प्रतिशत
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**
2013-14	I. वाणिज्यिक बैंक (i से v)	93	18,783	67,810	27.7
	i) भारतीय स्टेट बैंक समूह	6	5,352	15,436	34.5
	ii) सरकारी क्षेत्र	20	10,183	35,855	28.4
	iii) विदेशी बैंक	43	217	3,179	6.8
	iv) निजी बैंक	20	3,052	13,326	22.9
	v) स्थानीय क्षेत्र बैंक	4	6	14	42.9
	II. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	58	1,888	2,998	63.0
	III. सहकारी बैंक	1,994	3,120	5,358	58.2
	कुल (I+II+III)	**2,145**	**23,791**	**76,166**	**31.2**
2012-13	I. वाणिज्यिक बैंक (i से v)	89	17,635	59,707	29.5
	i) भारतीय स्टेट बैंक समूह	6	5,365	13,513	40.0
	ii) सरकारी क्षेत्र	20	9,286	31,521	29.5
	iii) विदेशी बैंक	43	235	2,851	8.0
	iv) निजी बैंक	20	2,749	11,822	23.0
	v) स्थानीय क्षेत्र बैंक	4	5	12	41.0
	II. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	67	1,324	1,889	70.0
	III. सहकारी बैंक	2,007	2,619	4,602	57.0
	कुल (I+II+III)	**2,167**	**21,584**	**66,211**	**33.0**
2011-12	I. वाणिज्यिक बैंक (i से v)	87	15,405	52,119	29.6
	i) भारतीय स्टेट बैंक समूह	6	4,046	11,546	35.0
	ii) सरकारी क्षेत्र	20	8,797	27,956	31.5
	iii) विदेशी बैंक	41	221	2,650	8.4
	iv) निजी बैंक	20	2,336	9,958	23.5
	v) स्थानीय क्षेत्र बैंक	4	5	10	51.9
	II. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	82	1,120	1,522	73.6
	III. सहकारी बैंक	2,026	2,518	4,033	62.4
	कुल (I+II+III)	**2,199**	**19,043**	**57,674**	**33.0**

संलग्नक - VI

2013-14 के दौरान निपटाए गए निक्षेप बीमा दावे

क्रम सं.	बैंक का नाम	मुख्य दावे/ अनुपूरक दावे	जमाकर्ताओं की संख्या	दावे की राशि (₹ हजार में)
1	2	3	4	5
	सहकारी बैंक			
	गुजरात (26)			
1	जनता कमर्शियल को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (2)	4	155.64
2	दी माधोपुरा मर्कण्टाइल को-ऑपरेटिव बैंक लि.	मुख्य	3,160	5,785.54
3	दी नडीयाद मर्कण्टाइल को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (2)	28	568.86
4	दी नटपुर को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (6)	168	1,922.58
5	दी नवसारी को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	1	4.40
6	नूतन सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (1)	1	13.57
7	दी पेटलाद नागरिक सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (2)	15	258.55
8	दी पेटलाद कमर्शियल को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	6	294.61
9	दी रिलीफ मर्कण्टाइल को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	10	217.05
10	श्री लक्ष्मी को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	5	89.01
11	दी सिधपुर नागरिक सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (1)	6	51.75
12	दी अहमदाबाद पिपल्स को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	1	13.75
13	दी विसानगर नागरिक सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (7)	264	4,644.28
14	दी भरुच नागरिक सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (1)	1	4.95
15	श्री विठ्ठल को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	32	464.61
16	दी सेंचुरी को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (2)	19	456.32
17	दी सहयोग को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	2	60.88
18	अन्नय को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (7)	405	12,060.16
19	मेट्रो को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	3	8.26
20	दी बरोड़ा पीपल्स' को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	1	31.55
21	श्री भाद्रंन मर्कण्टाइल को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	17	943.17
22	भावनगर मर्कण्टाइल को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (3)	57	294.21
23	दी बोरियावी पीपल्स' को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (3)	12	72.02
24	चारोत्तर नागरिक सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (3)	37	1,281.69
25	दी जनरल को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (3)	92	1,981.14
26	जनता को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (2)	3	52.81
	कुल (गुजरात)	**मुख्य-1, अनुपूरक-55**	**4,350**	**31,731.34**
	महाराष्ट्र (21)			
27	दी मिरज अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (2)	7	127.66
28	दी राजवाडे मंडल पीपल्स को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	8	241.66
29	सोलापुर नागरिक औद्योगिक सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (2)	45	1,893.21
30	दी रविकिरण अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	3	136.53

संलग्नक - VI *(समाप्त)*

क्रम सं.	बैंक का नाम	मुख्य दावे/ अनुपूरक दावे	जमाकर्ताओं की संख्या	दावे की राशि (₹ हजार में)
1	**2**	**3**	**4**	**5**
31	दी वीरशैव को-ऑपरेटिव बैंक लि.	मुख्य	40,373	727,615.26
32	परमात्मा एक सेवक नागरिक सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (2)	7	327.41
33	दी भुसावल पीपल्स' को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (5)	48	1,131.30
34	इंदिरा श्रमिक महिला नागरिक सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (5)	61	625.06
35	दी समता सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (2)	26	694.86
36	स्वामी समर्थ सहकारी बैंक लि.	मुख्य	11,295	86,423.37
37	कुपवाड़ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	2	106.36
38	अर्जुन अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि.	मुख्य	3,529	61,558.99
39	सिद्धार्थ सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (3)	44	2,045.21
40	अग्रसेन को-ऑपरेटिव बैंक लि.	मुख्य	19,631	52,967.42
41	श्री लक्ष्मी सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (3)	27	503.16
42	चम्पावती अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	2	62.16
43	दी विदर्भ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	18	486.66
44	विश्वकर्मा सहकारी बैंक मर्यादित	मुख्य	6,118	40,460.94
45	अभिनव सहकारी बैंक लि.	मुख्य	10,805	17,951.86
46	दी इचलकरंजी अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (7)	28	1,165.06
47	श्री पी. के. अण्णा पाटिल जनता सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (2)	38	850.97
	कुल (महाराष्ट्र)	**मुख्य 6, अनुपूरक -38**	**92,115**	**997,375.10**
	मध्य प्रदेश (2)			
48	महाराष्ट्र ब्राह्मण सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक (1)	3	1,007.62
49	सिटिझन को-ऑपरेटिव बैंक लि. बुरहानपुर	अनुपूरक (2)	4	186.27
	कुल (मध्य प्रदेश)	**मुख्य-0, अनुपूरक -3**	**7**	**1,193.89**
	ओडिशा (1)			
50	धेंनकानल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि.	अनुपूरक (1)	26	46.56
	कुल (ओडिशा)	**मुख्य-0, अनुपूरक -1**	**26**	**46.56**
	उत्तर प्रदेश (1)			
51	दी औंध सहकारी बैंक लि.	अनुपूरक(1)	91	579.91
	कुल (उत्तर प्रदेश)	**मुख्य-0, अनुपूरक -1**	**91**	**579.91**
	कुल (सभी राज्य)	**मुख्य-7, अनुपूरक -98**	**96,590**	**1,030,926.80**

नोट : कोष्ठक में दिए गए आँकड़े दावों की संख्या प्रदर्शित करते हैं।

संलग्नक - VII

निपटाए गए बीमा दावे तथा वसूल की गई चुकौतियाँ

सभी बैंक 31 मार्च 2014 तक परिसमापित / समामेलित / पुनर्निर्मित

(राशि हजार ₹ में)

क्रम सं.	बैंक का नाम	जमाकर्ताओं की संख्या	निपटाए गए दावे	प्राप्त चुकौतियाँ (बट्टे खाते डाली गई)	शेष (4 - 5)
1	2	3	4	5	6
I	वाणिज्यिक बैंक				
	i) पूरी चुकौती प्राप्त हुई है (क)				
	1) बैंक आफ चाइना, कोलकाता (1963)		925.00	925.00	-
	2) श्री जादेय शंकरलिंग बैंक लि., बीजापुर (1965)*		11.51	11.51	-
	3) बैंक आफ बिहार लि., पटना (1970)*		4,631.66	4,631.66	-
	4) कोचीन नायर बैंक लि., त्रिचुर (1964)*		704.06	704.06	-
	5) लैटिन क्रिश्चियन बैंक लि. एर्नाकुलम (1964)*		208.50	208.50	-
	6) बैंक आफ कराड लि., मुंबई (1992)		370,000.00	370,000.00	-
	7) मिरज स्टेट बैंक लि., मिरज (1987)*		14,659.08	14,659.08	-
	जोड़ 'क'		**391,139.79**	**391,139.79**	-
